Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 13, अंक 250 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये दुर्ग, सोमवार 01 जुलाई 2024 www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### राजकोट में एयरपोर्ट की कैनोपी ध्वस्त होने पर भड़के कांग्रेस नेता जिग्नेश मेवाणी

**राजकोट।** राजकोट हवाई अड्डे की कैनोपी गिरने की घटना को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इस पर अब गुजरात कांग्रेस के नेता जिग्नेश मेवाणी की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने इसके निर्माण में जुड़े अधिकारियों पर निशाना साधते हुए इसकी जांच की मांग की है और कहा कि जो भी इसमें दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। कांग्रेस नेता जिग्नेश मेवाणी ने कहा कि अभी-अभी खबर है कि राजकोट एयरपोर्ट का एक हिस्सा गिर गया। वो जानलेवा भी हो सकता था और यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि भाजपा के वरिष्ठ नेता और उनके चहेते अफसर मिलकर हर चीज में भ्रष्टाचार कर रहे हैं। यह सरकार ही भ्रष्टाचार में लिप्त है। हाल में एयरपोर्ट पर यह तीसरी ऐसी वारदात है। दिल्ली में भी बीते दिनों ऐसा ही हादसा हुआ था। इसमें एक शख्स की जान चली गई थी।

### सीएम मोहन यादव ने पुलिसकर्मियों का दिया आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शनिवार को बालाघाट जिले के दौरे पर पहुंचे। यहां पुलिस लाइन में सबसे पहले उन्होंने शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और 28 जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया। इन जांबाज जवानों ने लांजी क्षेत्र के अंतर्गत केराझेरी के जंगल में कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया था, जिसका सम्मान उन्हें प्रमोशन के रूप में मिला। इस कार्यक्रम के दौरान सीएम ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया और पुलिस जवानों के परिवार से मिलकर बातचीत भी की। जवानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने जिले के सभी सैनिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा, आपने काफी हद तक नक्सलियों को नियंत्रित किया और सबसे अधिक समस्याग्रस्त बालाघाट जिला फिर से सामान्य हो गया। हम फोर्स को कोई भी कमी नहीं होने देंगे। जो आप चाहोगे वो सब देंगे, आप अपनी ड्यूटी निभाते रहें। लंबे समय से हमारी फोर्स ने अपनी सक्रियता के बल पर नक्सलियों को उखाड़ फेंकने का काम किया है।

### चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर हरीश रावत ने गिनाई सरकार की गलतियां

**देहरादून।** चारधाम यात्रा को शुरू हुए लगभग 49 दिन हो गए हैं। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। साथ ही अभी तक 150 से ज्यादा श्रद्धालुओं की मौत भी हो चुकी है। वहीं अव्यवस्थाओं पर कांग्रेस नेता हरीश रावत ने सरकार को आड़े हाथों लिया है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर सरकार पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि यात्रा से एक महीने पहले सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लेना चाहिए था, लेकिन उस दौरान मुख्यमंत्री केंद्रीय नेताओं के सामने अपना चेहरा चमकाते रहे। चारधाम यात्रा में आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए कई जगह पर यात्रा का पड़ाव होना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में कहा

# समय की मांग है कि देशवासी संस्कृत को सम्मान दें

नयी दिल्ली/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश की कमान संभालने के बाद अपने पहले 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में रविवार को कहा कि लोगों ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में देश के संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है. उन्होंने लोगों को धन्यवाद दिया और निर्वाचन आयोग तथा इस प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को बधाई दी और 'आकाशवाणी' के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के 30 मिनट के अपने संबोधन में पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फोर लोकल' और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की. प्रधानमंत्री ने जुलाई महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और लोगों से उनका उत्साहवर्धन करने के लिए सोशल मीडिया पर 'चीयर4भारत' हैशटैग का उपयोग करने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि तोक्यो में पिछले ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने हर नागरिक का दिल जीत लिया था, और भाग लेने वाले खिलाड़ी पूरे जी-जान से पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में लगे हुए हैं. उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव को दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव करार देते हुए को कहा कि इसमें 65 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अपना अटूट विश्वास दोहराया है. 'मन की बात' की 111वीं कड़ी में देशवासियों के साथ अपने विचार



साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं आज देशवासियों को इस बात के लिए धन्यवाद भी देता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अपना अटूट विश्वास दोहराया है. साल 2024 का चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था. दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें 65 करोड़ लोगों ने मत डाले हैं. प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग और मतदान की प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को बधाई दी. मोदी ने जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह में आरंभ हो रहे पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ी के उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताते हुए भारतीय दल को शुभकामनाएं दीं और देशवासियों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में भारतीय खिलाड़ी 'जी-जान' से जुटे हुए हैं और आने वाले दिनों में उन्हें भी भारतीय दल से मुलाकात और उनके उत्साहवर्धन का अवसर मिलने वाला है. दुनिया का सबसे बड़ा खेल महाकुंभ यानी ओलंपिक खेलों का इस बार पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजन होने जा रहा है. भारतीय खिलाड़ी इन खेलों की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं. मोदी ने कहा, अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे.


### दुनियाभर में भारतीय संस्कृति का गौरव गान हो रहा है: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तुर्कमेनिस्तान में योग दिवस, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाये जाने और कैरेबियाई देशों में भारतीय विरासत का जश्न मनाये जाने का जिक्र करते हुए कहा कि आज दुनियाभर में भारतीय संस्कृति का गौरव गान हो रहा है, जिसकी हर देशवासी खुशी मना रहे हैं. 'आकाशवाणी' के मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात कही. इसके साथ ही उन्होंने कुवैत सरकार की ओर से राष्ट्रीय रेडियो पर भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंगों को शामिल करते हुए शुरु किए गए हिन्दी के एक विशेष कार्यक्रम का भी जिक्र किया और इस 'शानदार पहल' की सराहना की.

पीएम के निर्देश पर केजरीवाल को किया गिरफ्तार

# संजय सिंह बोले-उनके पास कोई सबूत नहीं....

**नई दिल्ली।** आप सांसद संजय सिंह ने सीबीआई द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला है। उन्होने कहा कि पीएम मोदी के निर्देश पर सीबीआई ने सीएम को गिरफ्तार किया है। संजय सिंह ने कहा, कोर्ट (राउज एवेन्यू कोर्ट) ने अपने आदेश में कहा कि श्वष्ठ के पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं है और वो दुर्भावनापूर्ण इरादे से काम कर रही है। श्वष्ठ के पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई मनी ट्रेल नहीं है, कोई सबूत नहीं है, कोई पैसे की रिकवरी नहीं है और इसलिए अरविंद केजरीवाल निर्दोष हैं...और



इसी बीच श्वष्ठ के लोग बिना ऑर्डर की कॉपी लिए असंवैधानिक, गैरकानूनी तरीके से हाई कोर्ट पहुंच गए और उस बेल पर स्टे ले आए...अरविंद केजरीवाल को केंद्र सरकार, पीएम मोदी के निर्देश पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया..

संसद की कार्यवाही आज से पुन: प्रारंभ

# नीट प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना जैसे मुद्दों पर संसद में सोमवार को जोरदार बहस की संभावना

नयी दिल्ली/ एजेसी

संसद की कार्यवाही के सोमवार को पुन: आरंभ होने पर, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर जोरदार बहस होने की संभावना है. विपक्ष प्रश्नपत्र लीक मामले के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी उठा सकता है. लोकसभा में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करेंगे. भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी एवं पहली बार की लोकसभा सदस्य बांसुरी स्वराज इस प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगी. लोकसभा ने धन्यवाद



प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया है, जिसका समापन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के साथ होगा. राज्यसभा में चर्चा के लिए 21 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री के बुधवार को (चर्चा पर) जवाब देने की संभावना है. नीट मुद्दे पर संसद में इस सप्ताह काफी हंगामा हुआ. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे. नतीजे चार जून को घोषित किए गए, लेकिन इसके बाद बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने के अलावा परीक्षा से जुड़ी अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे. राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी को अतुलनीय बताया था और कहा था कि देश के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के उनके दृष्टिकोण और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण में बहुत अंतर है. भाजपा सदस्य कविता पाटीदार ने प्रस्ताव का समर्थन किया था और चर्चा में अब तक नौ अन्य सदस्य भाग ले चुके हैं. लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिस कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई.

हेमंत सोरेन ने की घोषणा

# सामंती ताकतों' को खदेड़ने के लिए 'विद्रोह' की घोषणा की..

भोगनाडीह/ एजेंसी

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सामंती ताकतों के खिलाफ विद्रोह की रविवार को घोषणा की और कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पूरे देश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से बाहर कर देगा. सोरेन ने यहां 'हूल दिवस' के मौके पर एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि जेल से उनकी रिहाई के बाद भाजपा घबरा गयी है और उसके नेता फिर से उनके खिलाफ साजिश रच रहे हैं. उन्होंने कहा, अपनी रिहाई के बाद मैं पहली बार 'हूल दिवस' पर आपको



संबोधित करने के लिए अपने घर से बाहर निकला हूं. यह हम सभी के लिए प्रेरणा का दिन है. अंग्रेजों के खिलाफ संथाल विद्रोह की तरह हम झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश से सामंती ताकतों को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए 'हूल विद्रोह' का ऐलान करते हैं. सोरेन ने कहा, मुझे झूठे मामलों में फंसाया गयाज केंद्र सरकार अपने खिलाफ आवाज उठाने वालों को प्रताड़ित करने के लिए अपनी जांच एजेंसियों को लगा देती है. मुझे जेल से बाहर आए अभी दो दिन ही हुए हैं, लेकिन भाजपा घबराई हुई है. पार्टी के शीर्ष नेता झारखंड में बार-बार आ रहे हैं और मेरे खिलाफ फिर से साजिश रच रहे हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड को क्रांतिकारियों की भूमि के रूप में जाना जाता है और ह्लहम जेल, लाठी या फांसी से नहीं डरतेह्व. सोरेन ने कहा, मेरी जानकारी में आया है कि वे (भाजपा) झारखंड में विधानसभा चुनाव निर्धारित समय से पहले कराने की योजना बना रहे हैं।

### बिलासपुर: बस पलटने से नवजात बच्ची की मौत, 30 से अधिक लोग घायल

**बिलासपुर.** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में रविवार को एक बस के पलट जाने से एक नवजात बच्ची की मौत हो गई और 30 से अधिक यात्री घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा तोरवा थाना क्षेत्र में लालखदान फ्लाईओवर के पास सुबह करीब 11 बजे हुआ. बस बिलासपुर शहर से सारंगढ़ कस्बे की ओर जा रही थी. उन्होंने बताया कि कुछ राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी. राहगीरों ने एक एंबुलेंस को भी मौके पर बुलाया. उन्होंने बताया कि इस हादसे में एक नवजात बच्ची की मौत हो गई तथा घायलों को छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है.

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का विवादास्पद बयान

# भगवान जगन्नाथ से की सीएम मोहन चरण माझी की तुलना..

भुवनेश्वर/ एजेंसी

ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए गए एक सम्मान समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने ओडिशा के मुख्यमंत्री और दो मंत्रियों की तुलना भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा से की। आपको बता दें कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव में ओडिशा में भाजपा के 78 विधायकों और 20 सांसदों ने जीत हासिल की है। इस वजह से राज्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस



मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा 'ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और दो उप मुख्यमंत्री के वी सिंह देव और पार्वती पारिदा भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की तरह हैं। इन सभी के कंधों पर राज्य के विकास की जिम्मेदारी है।' केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आगे कहा कि नया ओडिशा विकसित भारत के सपने को सच करने में मदद करेगा। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि ओडिशा को अगले पांच वर्षों में भारतीय रेल द्वारा बड़ी सौगातें दी जाएंगीं। वैष्णव का कहना है कि अगले पांच वर्षों में ओडिशा में एक लाख करोड़ की रेल परियोजनाओं पर काम किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बीजू जनता दल (बीजद) पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजद सरकार ने ओडिशा में रेल के क्षेत्र में विकास पर कभी ध्यान नहीं दिया।

संन्यास में भी एक साथ रोहित-विराट

# तेरी जीत मेरी जीत,तेरी हार मेरी हार,ऐसा अपना प्यार जीत में

नयी दिल्ली/ एजेंसी

जीत के जश्न में गले मिलते, हार के दुख में एक दूसरे के आंसू पोछते , क्रीज पर एक दूसरे की उपलब्धि को सराहते विराट कोहली और रोहित शर्मा फिल्म 'शोले' के जय और वीरू की तरह हमेशा एक दूसरे के साथ खड़े नजर आये और अब दोनों ने टी20 क्रिकेट से विदा भी साथ में ली . जीत के बाद कंधे पर तिरंगा लपेटे या एक दूसरे के गले लगकर रोते दोनों की तस्वीरें 140 करोड़ भारतीयों के दिल में घर कर गई . दोनों की शख्सियत में कोई समानता नहीं . एक आग है तो दूसरा पानी . एक 'वड़ा पाव' खाने वाला ठेठ मुंबइया तो दूसरा 'छोले भटूरे' का शौकीन दिल्ली वाला लेकिन फिर भी पिछले 15 साल से दोनों एक दूसरे के पूरक रहे हैं . दुख में , खुशी में, जीत में और हार में . वेस्टइंडीज में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित मैदान पर लेट गए , आंखें आंसुओं से भीगी थी . वहीं कोहली अपनी भावनायें छिपाते कुछ देर के लिये चुपचाप ड्रेसिंग रूम में चले गए . वह जीत का जश्न मनाना चाहते थे लेकिन अकेले भी रहना चाहते थे. दोनों के बीच साझा क्या है , एक दूसरे के हुनर और उपलब्धियों का सम्मान . रोहित को बखूबी पता था कि कोहली ने संन्यास का फैसला ले लिया है, फाइनल का नतीजा चाहे जो हो . यही वजह है कि मैच के बाद पुरस्कार वितरण में रोहित ने उन्हें वह मौका दिया और अपने संन्यास का ऐलान नहीं किया . उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में इसकी घोषणा की .जब एक ही दौर में दो



दिग्गज साथ खेल रहे हों तो मतभेद होना लाजमी है क्योंकि कहते हैं ना कि एक म्यान में दो तलवारें नहीं रह सकती . भारतीय क्रिकेट में इतना कुछ दांव पर होता है कि दो तलवारें एक म्यान में साथ रहना सीख जाती हैं .सुनील गावस्कर और कपिल देव अस्सी के दशक में साथ खेल रहे थे जब सोशल मीडिया नहीं था . उस दौर में कप्तानी को लेकर म्युजिकल चेयर हुआ करता था लेकिन इन दोनों धुरंधरों का एक दूसरे के प्रति सम्मान कम नहीं हुआ . रोहित और विराट सोशल मीडिया के दौर के दिग्गज है . तिल का ताड़ बनाने वाले इस दौर में दोनों ने अपनी गरिमा बनाये रखी . विश्व कप सेमीफाइनल 2019 में भारत की हार के बाद दोनों के संबंधों में दरार की खबरें आने लगी . कोहली ने टी20 कप्तानी छोड़ने का फैसला किया और बीसीसीआई ने सीमित ओवरों के दोनों प्रारूपों में रोहित को कप्तान बनाया . सोशल मीडिया पर वायरल हुई कुछ पोस्ट में पता चलता है कि दोनों के मन में एक दूसरे के लिये कितना सम्मान है कोहली ने कुछ साल पहले 'ब्रेकफास्ट विद चैम्पियन' पॉडकास्ट में कहा था , जब वह सबसे पहले आया तो सब बोलते थे कि एक प्लेयर आया है रोहित शर्मा .

### कोहली और रोहित के बाद रविंद्र जडेजा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को कहा अलविदा

विराट कोहली और रोहित शर्मा के बाद अब रविंद्र जडेजा ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को अलविदा कह दिया है। जडेजा ने रविवार को टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। क्रिकेटर ने टी20 विश्व कप 2024 की ट्रॉफी के साथ अपनी एक मुस्कुराती हुई तस्वीर साझा की, जिसके साथ उन्होंने एक भावुक नोट लिखकर अपने संन्यास लेने का ऐलान किया। विराट, रोहित और अब जडेजा के संन्यास की खबर ने क्रिकेट के चाहनेवालों के दिल तोड़ दिए हैं। टी20 विश्व कप की ट्रॉफी जीतने की खुशी के बीच भारतीय क्रिकेट के नामी खिलाड़ियों को संन्यास लेता देख लोग भावुक हो गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री शिव महापुराण कथा छाटा में 9 जुलाई से



**पाटन (समय दर्शन)।** श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन समीप के ग्राम छाटा में दिनांक 9 जुलाई से किया जा रहा है। जिसका विश्राम दिवस 17 जुलाई को होगा। ज्योतिषी रूखमणी नंदन पंडित पुरन प्रसाद शर्मा श्रीधाम अंडी डोंडीलोहारा जिला बालोद द्वारा व्यास पीठ से शिव महापुराण की कथा सुनाई जाएगी। कथा के आयोजन बलदाऊ यादव ने बताया की 9 जुलाई से 17 जुलाई तक होगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। कथा की शुरुआत 9 जुलाई को कलश यात्रा, देवी स्थापना, महत्तम कथा, 10 जुलाई को कथा प्रारंभ, शिवलिंग महिमा, चंचुला कथा, 11 जुलाई को सती चरित्र, दक्ष वध, पार्वती जन्म गुण निधि कथा, 12 जुलाई नारद मोह, माता पार्वती विवाह 13 जुलाई कार्तिक जन्म, गणेश जन्म प्रसंग, 14 जुलाई समुद्र मंथन, गणेश विवाह, 15 जुलाई शमी, मंदार की कथा, 16 जुलाई महीषासुर उद्धार, शिव कृष्ण मिलन एवं शिव पुराण चढौत्री , 17 जुलाई बेल पत्र वर्षा, हवन महाप्रसाद वितरण के साथ का विश्राम होगा।

### एएम/एनएस इंडिया ने मिश्रा कैंप किरंदुल को रसोई के बर्तन और टेंट सामग्री प्रदान किया

**सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए आवश्यक सामग्रियों का वितरण, सामुदायिक विकास के लिए एक अहम पहल**



**किरंदुल (समय दर्शन)।** एएम/एनएस इंडिया के द्वारा अपने सीएसआर पहल के तहत मिश्रा कैंप-किरंदुल में सामुदायिक रसोई के लिए बर्तन और टेंट सामग्री का वितरण किया गया। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी द्वारा यह क़दम स्थानीय लोगों को सामुदायिक कार्यक्रमों, बैठकों और वैवाहिक कार्यक्रमों में आने वाली दिक्कतों को दूर करने के उद्देश्य से उठाया गया। मां बम्लेश्वरी महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), मिश्रा कैंप किरंदुल के सदस्यों ने नवनिर्मित सामुदायिक भवन में विभिन्न सामुदायिक समारोह के दौरान उपयोग के लिए टेंट सामग्री, सामुदायिक रसोई के लिए बर्तन, और टेबल आदि की आवश्यकता को महसूस करते हुए इनकी उपलब्धता का अनुरोध किया। गांव वालों के इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए एएम/एनएस इंडिया द्वारा सामुदायिक भवन को रसोई के बर्तन और टेंट सामग्री प्रदान की गई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मृणाल रॉय(अध्यक्ष, नगर परिषद किरंदुल), राजू कुंजाम(प्रतिनिधि, वार्ड 18), एएम/एनएस इंडिया किरंदुल से रामचंद्र (वरिष्ठ प्रबंधन), श्रीनिवास और डॉ.तेज प्रकाश (सीएसआर) सहित सभी एसएचजी सदस्य उपस्थित रहे। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी की यह पहल सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने और लोगों की जीवनशैली को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी निरन्तर अपने प्रयासों के माध्यम से सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रकार की पहलों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास लगातार करती आ रही है।

### कांग्रेस पूर्ण: लोकतांत्रिक पार्टी इसलिए कर रहे हैं हार जीत की समीक्षा - मोईली



**बिलासपुर (समय दर्शन)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली ने आज यहाँ पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से लोकतांत्रिक पार्टी है और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने इंडिया अलायंस के साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी को बहुमत में आने से रोका, और उन्हें गठबंधन की सरकार के लिए मजबूर किया। यही इंडिया गठबंधन की जीत है। छत्तीसगढ़ के 11 में से 10 लोकसभा सीट पर हार की समीक्षा एआईसीसी के द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर मैं कर रहा हूं। रायपुर और उसके आसपास की लोकसभा सीट की समीक्षा के बाद बिलासपुर में चार सीट की समीक्षा के बाद दो अन्य स्थानों पर भी समीक्षा की जाएगी। वीरप्पा मोईली ने कहा कि जीत हो या हार जिम्मेदारी तो सामूहिक की होती है। राहुल गांधी और खड़गे जी संविधान बचाओ और जल, जंगल, जमीन का मुद्दा जिसके आधार पर कांग्रेस 40 से 100 पर आ गई। छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश में क्यों सफल नहीं हो पाई यह समझना जरूरी है, और इसी काम पर हम आए हैं। मोईली जी के पूरे जवाब अंग्रेजी में थे पत्रकारों के पूरे प्रश्न हिंदी में थे दो प्रश्न अंग्रेजी में थे पहले व्हेन पीसीसी चीफईग्रीजॉइन दूसरा इट इस इंडिविजुअल रिस्पांसिबिलिटी और कलेक्टिव बंट मोईली नॉट गिव आंसर.....। इसका उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल मर्रा में प्रवेश का तुल पकड़ने लगा, जांच हुई पर अभी तक कार्रवाई शून्य

**पालक अब जायेंगे कोर्ट की शरण में, आर टी आई के तहत भी जानकारी मांगने पर नहीं लिया आवेदन**

**मर्रा के सरपंच ने प्राचार्य पर चुनिंदा बच्चो को प्रवेश देने का लगाया आरोप**




**पाटन (समय दर्शन)।** समीपस्थ ग्राम मर्रा में स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक का प्रवेश का मामला संदेहास्पद होते जा रहा है । आसपास के ग्राम के गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले बच्चों को बिना कारण अपात्र घोषित कर दूरस्थ अंचल के बच्चों को प्रवेश दिया जा रहा है। उक्त आरोप आज पत्रकारवार्ता में ग्राम मर्रा के सरपंच पालेश्वर ठाकुर ने लगाया है। उन्होंने पत्रकारों को बताया की कक्षा पहली के लिए कुल 52 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए थे जिसमें से मर्रा सहित आसपास के ग्रामों के कुल 9 बच्चों को बिना किसी कारण अपात्र घोषित कर दिया गया। अपात्र किए जाने का कारण जब जानने की कोशिश की गई तो जिम्मेदार प्राचार्य भी गोल-गोल जवाब देना चालू कर दिया। साथ ही सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने आवेदन प्रस्तुत किया गया उसे भी प्राचार्य द्वारा लेने से मना कर दिया गया तब मजबूरन सूचना आवेदन पत्र विकासखंड शिक्षा अधिकारी को दी गई । पालेश्वर ने बताया की चूंकि कुछ चुनिंदा बच्चों को प्रवेश लेने की कवायद चल रही थी इसलिए लॉटरी नही निकालने बीच का रास्ता निकाला गया वो रास्ता ये है की मर्रा स्कूल में कक्षा पहली के लिए अंग्रेजी माध्यम में कुल 50 सीट है लेकिन कुल आवेदन 52 आये थे। अब 52 आवेदन आये तो नियम से लॉटरी निकालना पड़ता लेकिन लॉटरी से उन चुनिंदा बच्चो का प्रवेश हो पाता या नही इस डर ने प्राचार्य की दिमाग की बत्ती जला दी और 9 पात्र बच्चो को बिना कारण अपात्र घोषित कर दिए ताकि सीटें ज्यादा हो और आवेदन कम हो और लॉटरी सिस्टम से बचकर अपने हिसाब से प्रवेश दिया जा सके। शिकायत होने की सुगबुगाहट प्राचार्य को लगा तो तत्काल बन्द ऑनलाइन पोर्टल चालू करवा दिया गया। जानकारी मिली है की पूरा मामला प्रकाश में तब आया जब अपात्र घोषित बच्चो के पालक अपने - अपने गांव के सरपंच से संपर्क किया और सरपंचों ने स्कूल जा कर प्रवेश से सम्बंधित दस्तावेज देखे तब मामला समझ मे आया।

**जनपद के सामान्य सभा में भी उठा मामला-** मामला इतना गंभीर था कि जनपद पंचायत पाटन में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में भी जनपद सदस्यों ने यह मामला उठाया। इस पर अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही करने का आश्वासन जनपद सदस्यों को सदन के समक्ष दिया। जिसके बाद बी ई ओ प्रदीप महिलाँगे ने इस मामले की जांच करने खुद मर्रा स्कूल पहुंचे। प्राचार्य तथा सबंधित पालकों से जानकारी लिया। सभी का कथन भी लिया गया। लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नही होते देख अब पालक कोर्ट की शरण में जाने वाले है। अब इस पूरे मामले में गरीब बच्चों को न्याय दिलाने जनप्रतिनिधिगण लग गए है सांतरा सरपंच राजा कोसरे का कहना है कि समीपस्थ ग्रामों के गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले बच्चो के साथ अन्याय नही होने देंगे उच्च अधिकारियों से बात करेंगे। मर्रा सरपंच पालेश्वर ठाकुर का कहना है कि सूचना आवेदन पत्र जमा नही लेने से ही समझ आ गया था कि कुछ झोल-झाल है, दस्तावेज जुटाया जा रहा है बच्चो के साथ न्याय होगा, यहां बात नही बना तो माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेंगे। गाड़ाडीह उपसरपंच तोपेन्द्र वर्मा ने भी इसका विरोध किया तथा पारदर्शिता के साथ प्रवेश लिया जाए मांग किया ।

# ग्राम कटेकल्याण में 30 जुआड़ी जुआ खेलते पकड़े गए

**10 नग मोटर सायकल जप्त**



**किरंदुल (समय दर्शन)।** पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर. के. बर्मन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कमलजीत पाटले के पर्यवेक्षण में थाना कटेकल्याण क्षेत्र में जुआ खेलने के शिकायत पर जुआ रेड की कार्यवाही हेतु टीम तैयार कर डोंगरी गुड़ापारा कटेकल्याण हमराह स्टाफ के पहुंचकर एक खाली मकान के अंदर बिजली की रोशनी में जुआ खेल रहे जुआडियानो को घेराबंदी कर कार्यवाही किया गया। मौके पर 30 जुआड़ी पकड़े गए जिनकी तलाशी लेने पर फड़ एवं पास से कुल 57400 रुपयें नगद 52 पत्ती ताश, एक नग बोरी फट्टी 02 नग मोबाइल जिसमे करीबन 8000 रूपयो का ट्रांजैक्शन किया हुआ एवं 10 नग मोटर सायकल मौके पर जप्त कर सभी जुआडियानो के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में डीएसपी श्री आशीष कुमार नेताम पुलिस अधीक्षक कार्यालय दंतेवाड़ा व उनकी टीम एवं थाना कटेकल्याण पुलिस की विशेष योगदान रहा।

# छ ग सरकार नए कानून में साक्षी संरक्षण, नागरिक सुरक्षा संहिता से बेसुध - रूपेश दुबे

**गवाह सुरक्षा योजना और अधिसूचना सार्वजनिक करे सरकार**



**राजनांदगांव।** छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अधिवक्ता रूपेश दुबे ने 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानून अंतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 398 और 179(2) की कार्ययोजना और अधिसूचना को सार्वजनिक नहीं करने पर छ ग सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है वहीं गवाहों के हितों सहित न्याय मामले भी में बेसुधी करार दिया है।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि प्रदेश में नए कानून के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन आम नागरिकों के बीच जनजागरूकता में लगे हैं कानून का सम्मान करना हम सबका दायित्व के साथ कर्तव्य भी है। लेकिन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के क्लाज 398 में राज्य सरकारों को यह निर्देश है कि राज्य सरकार गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गवाह सुरक्षा योजना तैयार कर उसे अधिसूचित करे इसी प्रकार धारा 179 (2) के अंतर्गत प्रकरण के गवाहों को हाजिर होने पर उन्हें उचित व्यय का भुगतान करने का प्रावधान करे है इन दोनों अति महत्वपूर्ण मुद्दों पर छ ग सरकार ने ना निर्णय ना अधिसूचना सार्वजनिक नहीं किया है । नया कानून 1 जुलाई से लागू होने को है जन मस्तिष्क में भ्रम की स्थिति उत्पन्न कर दी है । क्योंकि जनता ही गवाह होंगे वैसे भी भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली जिसमे तीन कृषि कानून की वापसी एवं हिट एंड रन कानून को आज तक लागू न कर सकने को जनता देख रही हैं ऐसी स्थिति में छ ग राज्य सरकार को चाहिए कि भारतीय नागरिक सुरक्षा के क्लाज 398 के अंतर्गत गवाहों की सुरक्षा योजना और धारा 179(2) के अंतर्गत गवाहों के भुगतान व्यय प्रावधान की अधिसूचना को भी सार्वजनिक करें ताकि साक्षी भी प्रकरण में अपने मजबूत साक्ष्य देकर अपराध को नियंत्रित करने अपराध को समाप्त करने में अपनी महती भूमिका निभा सके।

# सच्ची सेवा और समर्पण से ही हम वास्तविक सफलता प्राप्त कर सकते है : डॉ. विजय कुमार क्षत्रिय



**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** भारत में कई चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से इलाज किया जाता है, जिनमें से वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति भी एक है, जो सदियों पुरानी है। इसमें नसों और रक्त वाहिकाओं का इलाज करके बड़ी बीमारियों से राहत दिलाई जाती है। इस चिकित्सा पद्धति की सबसे खास बात यह है कि इसमें मरीज को किसी भी तरह की दवाई नहीं दी जाती। आज हम बात करने जा रहे हैं डॉ. विजय कुमार क्षत्रिय के बारे में जो पिछले 25 वर्षों से वैकल्पिक चिकित्सा के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहे हैं। क्षत्रिय नर्सिंग होम के संचालक डॉ. विजय कुमार ने मीडिया को बताया कि उन्होंने हृदय रोग के इलाज पर भी शोध किया है और उनके अस्पताल में कई तरह की बीमारियों का इलाज संभव है। इनमें सर्वाइकल, साइटिका, घुटने-कमर या जोड़ों का दर्द, गठिया, माइग्रेन, अनिद्रा, पेट से संबंधित रोग, किडनीए लीवर, आंख-कान और गले से संबंधित रोग, लकवा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि शामिल हैं। एक्सीडेंटल मामलों का इलाज इसके जरिए नहीं हो सकता। अपने ज्ञान और अनुभव के साथ डॉ. विजय ने क्षत्रिय नर्सिंग होम की स्थापना की। यह नर्सिंग होम सिर्फ एक चिकित्सा केंद्र नहीं है, बल्कि एक आश्रय स्थल है, जहां मरीजों को समग्र उपचार मिलता है। विजय के नेतृत्व में नर्सिंग होम मरीजों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य का ख्याल रखता है। बालोद जिले के आमापारा, राजनांदगांव जिले के मोहारा रोड बायपास, खैरागढ़ जिले के ग्राम पटेवा में नर्सिंग होम संचालित किए जा रहे हैं। भविष्य में छत्तीसगढ़ के हर जिले में क्षत्रिय नर्सिंग होम संचालित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेरे नाना स्वर्गीय नित्यानंद गौतम स्वतंत्रता सेनानी थे और आयुर्वेद और योग के भी उन्हें गहन ज्ञान था, उनसे प्रेरणा लेकर मैंने इस आयुर्वेद और अल्टरनेटिव चिकित्सा क्षेत्र को चुना। पूरा परिवार सेवा की भावना रखता है। इस प्राचीन चिकित्सा पद्धति को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही अंतिम लक्ष्य है, उनका मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति का पहला कर्तव्य स्वयं को स्वस्थ रखना तथा परिवार को भी स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। आज, क्षत्रिय नर्सिंग होम एक प्रतिष्ठित चिकित्सा केंद्र के रूप में जाना जाता है, और डॉक्टर विजय क्षत्रिय का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। उनके 25 वर्षों के अनुभव और समर्पण ने न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में बल्कि समाज में भी एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। डॉ. विजय की कहानी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो हमें यह सिखाती है कि सच्ची सेवा और समर्पण से ही हम वास्तविक सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

# शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर की स्थापना दिवस पर रक्तदान व वृक्षारोपण



**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** शहर के वार्ड नंबर 1, बाबुटोला में स्थित शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर अपना 5वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाने एवं वृहद आयोजन को लेकर मंदिर समिति के प्रमुख हरीश यादव एवं अध्यक्ष अखिलेश बंजारा के मार्गदर्शन में बैठक आहूत की गई। बैठक में स्थापना दिवस पर भजन संध्या, वृक्षारोपण के साथ ही रक्तदान का आयोजन को लेकर उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति बनी। ज्ञात हो कि वार्ड नंबर 1 स्थित शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर द्वारा आगामी 5 जुलाई को 5वां स्थापना वर्ष मनाया जा रहा है। स्थापना दिवस को वृहद रूप से मनाने बैठक रखी गयी, जिसमें वृक्षारोपण, रक्तदान को लेकर सभी सदस्यों ने सहमति दी। अपने जनसेवा सहित चैत्र व क्वांर नवरात्रि में भव्य आयोजनों को लेकर अंचल सहित दूरस्थ जिलों में प्रसिद्ध शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर की सेवा संस्था शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा 5वां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर वृक्षारोपण के साथ ही रक्तदान का भी आयोजन किया जाएगा। मंदिर व संस्था प्रमुख हरीश यादव ने बताया कि इस वर्ष गुरुदेव अवधूत सरकार बाबा सिद्धार्थ गौतमराम जी की सेवा में समर्पित रक्तदान महादान जनसेवा की भावना से 51 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न प्रकार के 101 वृक्षों का रोपण भी किया जाएगा। इसी प्रकार विभिन्न समाज के समाज प्रमुखों जिन्होंने सामाजिक स्तर पर अपना बहुमूल्य समय देकर समाज के उत्थान में विशेष योगदान दिया, उनका भी सम्मान समिति के माध्यम से किया जाना है। बैठक में संरक्षक दुर्गा यादव, शम्भू वर्मा, पिंटू देवांगन, भगवती निषाद, भोज वर्मा, कौशल दास मानिकपुरी, चंद्रेश साहू, प्रांशु भरतद्वाज, राजीव सिंह, श्यामू साहू, किशन वर्मा, संतोष वर्मा, अनिल चौहान, अक्षय, टेकराम भार्गव, भूपेन्द्र, अजय, निखिल, राकेश, लव, कुशल, संदीप सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत वर्मा ने दी।

# महिंद्रा पावरोल की जनरेटर की लॉन्चिंग, प्रदूषण कम करने के साथ ईंधन की होगी बचत






**दुर्ग (समय दर्शन)।** महिंद्रा पावरोल अधिकृत जीओईएम शारदा डीजल प्राइवेट लिमिटेड ने आधुनिक तकनीक से निर्मित सीपीसीबी 4 प्लस डीजल जनरेटर का रविवार को दुर्ग शहर में लांचिंग की। यह जनरेटर अन्य कंपनियों के जनरेटर से बेहतर दक्षता वाली है। प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ महिंद्रा पावरोल की जनरेटर ईंधन की बचत करने में भी मददकारी है।जिससे इस जनरेटर को उद्योग, बड़े संस्थानों के अलावा अन्य क्षेत्रों में अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। जिसकी झारखंड, बिहार व छत्तीसगढ़ में लांचिंग की जा चुकी है। छत्तीसगढ़ में अब तक 13 सेंटरों की लांचिंग की गई है। महिंद्रा पावरोल के सीपीसीबी 4 प्लस डीजल जनरेटर के लॉन्चिंग अवसर पर शारदा डीजल प्राइवेट लिमिटेड के जनरल मैनेजर एवं महिंद्रा पावरोल के ओईएम मनोज कुमार ने मीडिया को चर्चा में बताया कि सीपीसीबी 4 प्लस जनरेटर का निर्माण 10 चङ्क से 320 चङ्क तक रांची, झारखंड में शारदा डीजल के प्लांट में किया जाता है। इन इंजनों को चेन्नई में महिंद्रा रिसर्च वैली में इसके अनुसंधान एवं विकास केंद्र में डिजाइन किया गया है। पुणे और नागपुर के संयंत्र में निर्मित किया गया है। सीपीसीबी 4 प्लस की यह नई रेंज महिंद्रा पावरोल का नवीनतम संयोजन है, जो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा घोषित नवीनतम उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप है। यह जेनसेट तकनीकी रूप से उन्नत सीआरडीआई इंजन से सुसज्जित हैं।

शारदा डीजल प्राइवेट लिमिटेड के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर मनीष विश्वकर्मा ने बताया कि सीआरडीआई इंजन बेहतर और उन्नत कॉमन रेल डीजल इंजन (सीआरडीई) तकनीक से संचालित होते हैं। सीआरडीई तकनीक भविष्य के लिए तैयार है और भारी शुल्क प्रदर्शन और ईंधन दक्षता के लिए जानी जाती है। यह मानक उत्सर्जन मानदंडों से परे जाकर प्रदूषण को काफी कम करता है। सीपीसीबी 4 प्लस मानदंडों का लक्ष्य नाइट्रोजन आक्साइड , पार्टिकुलेट मैटर , और हाइड्रोकार्बन जैसे प्रदूषकों के उत्सर्जन को 90 प्रतिशत तक कम करना है। यह पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ है। स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। उन्नत प्रौद्योगिकी है, ईंधन कुशल है और ग्राहकों के लिए लागत बचत है।

मैपफोर्स इंफ्राटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर व महिंद्रा पावरोल के अधिकृत डीलर विकास बाफ्ना ने बताया कि उपभोक्ताओं को उन्नत और सुलभ तकनीकों की पेशकश करना महिंद्रा का निरंतर प्रयास है।नवीनतम तकनीक के साथ 10 केवीए से 320 केवीए डीजी की बिल्कुल नई रेंज उपभोक्ताओं को खासा प्रभावित कर रही है। यह भविष्य के लिए तैयार तकनीक कम परिचालन लागत पर कम उत्सर्जन और उच्च प्रदर्शन प्रदान करने के लिए तैयार है। महिंद्रा पावरोल के कस्टमर केयर मैनेजर सुमित बाजपेई एवं मैपफोर्स इंफ्राटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सेल्स व सर्विस मैनेजर धीरज तिवारी ने कहा कि महिंद्रा पावरोल डीजी सेट भारत में सबसे व्यापक सेवा नेटवर्क संचालित करता है। ग्राहक को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए नेटवर्क बहुत अच्छी तरह से सुसज्जित है।

सार समाचार

## पार्किंग में खड़ी बाइक पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** गुरुघासीदास प्लाजा पार्किंग के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी त्रिभुवन उपाध्याय 49 वर्ष विमला विहार अपार्टमेंट भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचजेड 8101 को गुरुघासीदास प्लाजा के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## देशी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** धरसींवा एवं माना पुलिस ने अवैध शराब बेचते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 33 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने अकोल मोड़ के पास अवैध शराब बेचते आरोपी रवि रात्रे 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने कमल विहार चौक के पास आरोपी कुंजलाल साहहू 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 15 पाव देशी शराब जब्त किया है।

## युवक से मारपीट


**रायपुर( समय दर्शन )।** साहू किराना दुकान के पास मांढर में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सन्नी साहू 32 वर्ष मांढर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी मांढर में ही साहू किराना दुकान के पास गया था, तभी पुरानी रंजिश के चलते आरोपी अजय साहू ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

## कूदकर महिला ने दी जान

**रायपुर( समय दर्शन )।** बोरियाखुर्द बीएसयूपी कालोनी में एक महिला ने 8वीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। मौके पर पहुंची टिकरापारा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है, वहीं शव पीएम के लिए भेज दिया है। सूत्रों ने बताया कि 40 वर्षीया मृतका शबनम आरडीए कालोनी के एच-ब्लॉक में रहती थी और उसकी अभी तक शादी नहीं हुई थी। आसपास के लोगों के अनुसार उसकी मानसिक अवस्था में ठीक नहीं थी।

इस अवसर पर जिला पंचायत रायपुर और अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्री अशोक बजाज उपस्थित थे।

# राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने तहसीलदार और छत्तीसगढ़ राजस्व पुस्तक परिपत्र पुस्तकों का किया विमोचन



**रायपुर( समय दर्शन )।** राजस्व एवं खेल मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने आज अपने निवास कार्यालय में 'तहसीलदार' और 'राजस्व पुस्तक परिपत्र (आर. बी. सी.)' पुस्तकों का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत रायपुर और अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्री अशोक बजाज उपस्थित थे। इस अवसर पर पुस्तकों के लेखक श्री के.के. बाजपेयी, पूर्व संयुक्त सचिव एवं श्री उमेश कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर, रा.प्र.से.-2015 तथा पुस्तकों के प्रकाशक राज लॉ पब्लिकेशन के प्रोपराईटर श्री चंद्र कुमार ठाकुर एवं श्री अविनाश अग्रवाल उपस्थित थे। सामान्य प्राशासन विभाग के पूर्व संयुक्त सचिव श्री के.के. बाजपेयी द्वारा लिखित पुस्तक 'तहसीलदार' हमारे राज्य के तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को अलग-अलग कानून में प्रदान किए गए शक्तियों एवं अधिरोपित किए गए कर्तव्यों पर प्रकाश डालती है। पुस्तक में कार्यालय में तैयार किए जाने वाले कई दस्तावेजों के स्पष्ट उदाहरण भी शामिल हैं। इससे हमारे राज्य के तहसीलों की कार्यशैली को बेहतर करने में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक सहयोग प्राप्त हो सकेगा। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अवर सचिव श्री उमेश कुमार पटेल की पुस्तक राजस्व पुस्तक परिपत्र (आर.बी.सी.) के द्वितीय संस्करण में अद्यतन विभागीय परिपत्र, संबंधित अधिनियमों, नियमों, अधिसूचनाओं के साथ-साथ विभागीय आदेशों के उदाहरण एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी का भी समावेश किया गया है। विमोचित पुस्तकों के माध्यम से राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के कानून एवं कार्यों के बारे में आम जनता को भी बेहतर जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

# अशोक बिरयानी फिर विवादों के घेरे में अब शाकाहार में मिला मांस

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर के मोहबा बाजार स्थित अशोका बिरयानी होटल में शाकाहारी सब्जी में मांस का टुकड़ा निकलने की खबर के बाद प्रशासन हरकत में आया जिसके बाद खाद्य विभाग की टीम ने जांच के लिए आशोका बिरायनी होटल पहुंची, यहां किचन में क्रास कंटेमिनेशन का चौंकाने वाला मामले सामने आया, यानी किचन में शाकाहारी और मांसाहार एक साथ रखा जा रहा था। इस कारण ही होटल में बार बार शाकाहारी खाने में मांस के टुकड़े मिलने की शिकायत मिल रही थी। सभी तरफ गंदगी पसरी होइ थी और फ्रिज़र में बड़ी मात्रा में पुराना बासी खाना मिला, अशुद्ध खाद्य पादर्थों को टीम ने नष्ट कराया। जांच टीम मे फूड सेफ्टी आफिसर रौशनी राजपूत, एहसान तिग्गा, सतीश राज समेत अन्य स्टाफ शामिल थे। बता दें की शुक्रवार दोपहर को दुर्ग के दो युवक अशोक बिरयानी होटल गए थे, यहां उन्होने शाकाहारी बटर पनीर सब्जी आर्डर की, खााना आया तो उसमें मांस का बड़ा टुकड़ा मिला जिसके बाद युवकों ने शिकायत की। पूर्वे में भी अशोका बिरयानी होटल के भिलाई ब्रांच में शाकाहारी खाने में मांस निकलने का मामला सामने आ चुका है। अशोका बिरयानी के अलावा खाद्य विभाग की टीम गुढ़ियारी समेत कई इलाकों में संचालित मोमोस सेंटर गई। अशोका बिरियानी रेस्टोरेंट में पालक सब्जी में मांस का टुकड़ा निकलने की शिकायत है। वेज फूड में मांस निकलने की 10 दिन के भीतर ये दूसरी घटना है। शुक्रवार दोपहर अशोका बिरियानी के मोहबा बाजार स्थित ब्रांच में दो युवकों ने लंच में वेज फूड ऑर्डर किया था। उनका कहना है कि, इसकी शिकायत की गई तो युवकों की प्लेट हटा दी गई। अशोका बिरियानी के ब्रांच मैनेजर ने इन आरोपों को नकार दिया है। साथ ही दावा किया कि मांस का टुकड़ा उनके किचन से नहीं आया है। दरअसल, दुर्ग के रहने वाले टिकेंद्र कुमार और केसरीनंदन साहू ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर एक बजे के करीब वो एम्स अस्पताल आए हुए थे। इस दौरान वह खाना खाने अशोका बिरियानी के ब्रांच में पहुंचे। इस मामले में युवकों ने नाराजगी जताई तो प्रबंधन ने उन्हें माफी मांगने का आश्वासन दिया। लेकिन लंबे इंतजार के बाद भी उनसे माफी नहीं मांगी. मामले को लेकर महोबा-बाजार ब्रांच मैनेजर साजू कुरियन ने मीडिया को बताया कि कस्टमर ने मटर पालक की सब्जी मंगवाई थी। उसे स्टॉफ ने खुद परोसा था। जो मांस का टुकड़ा निकला है वो हमारे किचन से नहीं आया है, हम भी चेक करेंगे।

# प्रयास आवासीय विद्यालय एवं यूपीएससी के लिए कोचिंग व्यवस्था की पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने किया तारीफ




### राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने लिया समीक्षा बैठक

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय एवं यूपीएससी परीक्षा के लिए किए गए कोचिंग व्यवस्था की राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने तारीफ किया। अहीर की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह में बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी शामिल हुए।

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में पिछड़े वर्गों के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी लिया तथा उनकी प्रशंसा की। पिछड़े वर्गों के लिए राज्य सरकार के साथ-साथ केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का समुचित पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि शासकीय संस्थाओं के साथ-साथ निजी संस्थाओं में भी पिछड़े वर्गों के लोगों को आरक्षण के तहत लाभ मिले। राज्य में गठित पिछड़ा वर्ग आयोग की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे संबंधित हितग्राहियों को आय के अन्य स्रोत की व्यवस्थित जानकारी मिल सकेगी। अहीर ने छत्तीसगढ़ राज्य में सूचीबद्ध पिछड़ा वर्ग की संख्या की जानकारी लेते हुए कहा कि राज्य में सूचीबद्ध 95 पिछड़ी जाति में से 67 जातियां केंद्रीय सूची में शामिल है।

# डॉक्टर हमारे समाज की बहुमूल्य सम्पत्ति-न्यायमूर्ति टीपी शर्मा

### राजधानी रायपुर में मनाया गया चिकित्सक दिवस

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकायुक्त न्यायमूर्ति टी .पी .शर्मा ने कहा कि डॉक्टर हमारे समाज की बहुमूल्य सम्पत्ति हैं। एक स्वस्थ समाज के निर्माण में डॉक्टरों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है।सामाजिक स्वास्थ्य के लिए समर्पित डाक्टरों के द्वारा अपनी सुविधाओं को तिलांजलि देकर सेवा भावना से मरीजों का इलाज किया जाता है । न्यायमूर्ति टी. पी. शर्मा आज राजधानी रायपुर में चिकित्सक दिवस( डॉक्टर्स डे) के अवसर पर आयोजित डॉक्टरों के सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इलाज के दौरान मरीजों के साथ उनका व्यवहार भी इलाज में बहुत कारगर होता है. कठिन परिस्थितियों में भी मानव जीवन की गरिमा को बनाए रखने का कार्य चिकित्सक का होता है । समारोह का आयोजन समाजसेवी संस्था डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट (दोस्त) द्वारा एक निजी अस्पताल के सेमिनार हॉल में किया गया। डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट (दोस्त) के संयोजक सुनील शर्मा ने इस आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और पश्चिम बंगाल के द्वितीय मुख्यमंत्री स्वर्गीय डॉ. बिधानचन्द्र राय (डॉ. बी.सी.राय) के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष एक जुलाई को देश भर में डॉक्टर्स -डे मनाया जाता है , लेकिन हमारी संस्था (दोस्त) ने समय की उपलब्धता के हिसाब से आज यहाँ इस कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि प्रमुख लोकायुक्त न्यायमूर्ति टी .पी .शर्मा ने समारोह में राजधानी के अनेक डाक्टरों को चिकित्सा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया।उन्होंने अनेक समाजसेवियों का भी सम्मान किया ।

# साणंद (गुजरात) मुख्यालय वाली ममता मशीनरी लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दाखिल किया ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी)

**साणंद ( गुजरात )।** मुख्यालय वाली ममता मशीनरी लिमिटेड ने शेयर बाजार नियामक, सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया(सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। बीलाइन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू (बीआरएलएम) के लिए एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर है। इस ऑफर के उद्देश्य हैं (i) सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 7,382,340 इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए ऑफर फॉर सेल को पूरा करना; और (ii) स्टॉक एक्सचेंजों पर इक्विटी शेयरों को सूचीबद्ध करने का लाभ प्राप्त करना। कंपनी को ऑफर से कोई आय प्राप्त नहीं होगी, और ऐसी सभी आय सेलिंग शेयरधारकों को जाएगी।

ममता ग्रुप कॉरपोरेट सर्विसेज एलएलपी प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक 2,129,814 इक्विटी शेयर तक

ममता मैनेजमेंट सर्विसेज एलएलपी प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक 1,523,070 इक्विटी शेयर तक

ममता मशीनरी लिमिटेड प्लास्टिक बैग और पाउच बनाने वाली मशीनें, पैकेजिंग मशीनें और एक्सट्रूज़न उपकरण बनाती और निर्यात करती है।

नई दिल्ली में निगम बोध घाट के पास बारिश के बाद जलमग्न सड़क से गुजरते वाहन।



# भाजपा सरकार ने गोवा से लेकर बंफर तक का रेट बढ़ाया-कवासी लखमा



**रायपुर( समय दर्शन )।** बस्तर के कांग्रेस नेता और पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने आबकारी नीति में बदलाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा शराबबंदी की बात कहकर सत्ता में आई है। भाजपा की सरकार आने के बाद गोवा से लेकर बंफर का रेट बढ़ा गया है। नई आबकारी नीति का कांग्रेस समीक्षा करेगी, जिसके बाद विधानसभा में सरकार के खिलाफ लड़ाई लडेंगे। संगठन में बदलाव का काम बड़े लोगों का है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे इस पर निर्णय लेंगे। बिलासपुर प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा संगठन के लोग चोरी और डकैती कर रहे हैं। हिंदू के नाम पर डराने का काम कर रहे हैं और सरकार में बैठे लोग लूटने का काम कर रहे हैं। उनके दिखाने के दांत अलग हैं और खाने के दांत अलग हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता भोली है, वो धीरे से समझेगी।

# केन्द्रीय परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण किया जाए - मुख्य सचिव अमिताभ जैन

## परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने भू-अर्जन, मुआवजा, नामांतरण, बटांकन और वन भूमि के संबंध में त्वरित कार्यवाही के लिए कलेक्टरों को दिए निर्देश




**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ में संचालित केन्द्रीय परियोजनाओं में सड़क, ऊर्जा, मोबाइल टॉवर, रेल्वे और खनिज से संबंधित परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण करने के मद्देनजर परियोजनाओं से संबंधित भू-अर्जन, मुआवजा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग प्राधिकरण और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत विभिन्न सड़क परियोजनाओं के कार्यों के संबंध में जिलों के कलेक्टरों से जानकारी ली एवं परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन, मुआवजा, नामांतरण, बटांकन और आवार्ड प्रकरणों सहित वन भूमि के प्रकरणों पर शीघ्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह से कांकेर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले में जहां मोबाइल टॉवर लगाना आवश्यक है वहां सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने कहा। बैठक में बिलासपुर-उरगा, बिलासपुर से पथरापाली, सिमगा से सारागांव बिलासपुर, 6 लेन रायपुर से विशाखापटनम्, धमतरी-कांकेर-बेडमा-दाहिकोंगा, सड़क परियोजनाओं सहित अन्य सड़क परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इसी तरह से एनटीपीसी, रेलवे परियोजनाओं के अंतर्गत ईस्ट-वेस्ट रेलवे, साउथ ईस्ट कोल फिल्डस् लिमिटेड के अधिकारियों से परियोजनाओं के कार्यों का विस्तार से जानकारी ली और इस संबंध में आ रही विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कोरबा और रायगढ़ जिले के कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी तरह से खनन परियोजनाओं के लिए सड़क, भूमि इत्यादि के लिए अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्रीमती ऋचा शर्मा, सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. कमलप्रीत सिंह, पीसीसीएफश्री सुनील मिश्रा, राजस्व विभाग के सचिव श्री अविनाश चम्पावत सहित संबंधित जिलों के कलेक्टर और विभिन्न विभागों के अधिकाकरी शामिल हुए।

## तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, दो की मौत

**रायपुर( समय दर्शन )।** मंदिरहसौद जिंदल कंपनी के पास तेज रफ्तार क्रेटा कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुमीत जेठा भाई अपने दोस्त डॉ. रिषभ के साथ कार क्रमांक सीजी 17 केयू 4950 में कहीं जा रहा था, तभी मंदिरहसौद जिंदल कंपनी के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में दोनों युवक की मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है।

# संपादकीय

## कारोबारी सुगमता का ध्यान

जीएसटी परिषद की बैठक में शनिवार को कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मोदी सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद जीएसटी परिषद की इस पहली बैठक में रेलवे प्लेटफार्म टिकट, विश्राम कक्ष और प्रतीक्षालय सुविधाओं को जीएसटी मुक्त करने के महत्त्वपूर्ण फैसले के साथ ही सभी तरह के दूध के डिब्बों पर 12 फीसद की एक समान जीएसटी दर रखने का प्रस्ताव किया गया। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि अनुपालन बोझ कम करने और करदाताओं को राहत देने की गरज से भी कई सिफारिश की गई। कोशिश है कि कारोबारी सुगमता के लिए व्यवसायों के लिए प्रक्रियात्मक जटिलताएं कम की जाएं। परिषद ने जीएसटी पंजीकरण आवेदकों के लिए बायोमीट्रिक-आधारित आधार प्रमाणीकरण के चरणबद्ध रोलआउट की सिफारिश की है। वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 तथा 2019-20 के लिए जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी रिमांड नोटिस पर ब्याज जुर्माना माफी की भी सिफारिश है। यह धारा उन मामलों से संबंधित है जिनमें धोखाधड़ी, दमन या गलतबयानी शामिल नहीं हैं। जो करदाता 31 मार्च, 2025 तक नोटिस में मांगी गई पूरी कर राशि का भुगतान करते हैं, उन्हें इस छूट से लाभ होगा। किसी चालान या डेबिट नोट पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने संबंधी मंजूरी भी दी जा रही है। छोटे करदाताओं को भी इस रूप में राहत मिलने वाली है कि वित्त वर्ष 2024-25 और उसके बाद के वर्षो के लिए रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 20 अप्रैल से बढ़ा कर 30 जून की जाएगी। परिषद ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रकार के स्प्रिंकलर पर 12 फीसद की एक समान जीएसटी दर लागू होगी। दूध के सभी डिब्बों पर उनकी सामग्री (स्टील, लोहा, एल्यूमीनियम) की परवाह किए बिना एक समान दर 12 फीसद की सिफारिश की गई है। हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के सेब उत्पादकों की अरसे से मांग को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार के कार्टन बक्सों और नालीदार व गैर-नालीदार कागज या पेपरबोर्ड, दोनों से बने उत्पादों के लिए 12 फीसद जीएसटी का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री ने पेट्रोल व डीजल को जीएसटी के तहत लाने की सरकार की मंशा भी दोहराई। दरअसल, सिफारिशों में कारोबारी सुगमता को ध्यान में रखा गया है।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का महत्व

**अजय दीक्षित**

विश्व में भारत का डंका बजा कर पिछले दस सालों में मोदी जी ने भारत को विश्व गुरु बना दिया है । अनेक वर्षों से यू.एन.ओ. की पहल पर 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है । इस वर्ष प्रधानमंत्री मोदी जी ने कश्मीर में योग दिवस मनाया । टी.वी. पर जो चित्र दिखलाये जा रहे थे उनसे ज्ञात होता है कि योग करने वालों में इस्लाम धर्म को मानने वाले भी बड़ी संख्या में मौजूद थे । अनेक मुस्लिम देशों में अब योग को नियमित रूप से अपनाया जाने लगा है । यहां तक कि भारत का कट्टर विरोधी पाकिस्तान भी योग दिवस मनाता है ।

छ् दर्शनों में पतंजलि का योग दर्शन भी है । योगी कोई हिन्दू प्रणाली नहीं है । मोदी जी के अनुसार योग चित्त को स्थिर करता है और एकाग्रता लाने में मददगार होता है । शास्त्रों में कहा गया है कि योग विद्या नहीं अपितु विज्ञान है जो आधुनिक पैमाने पर खरा उतरता है । मोदी जी ने अपने संबोधन में इस अवसर पर कहा कि योग से व्यक्ति को शक्ति मिलती है । यह एकाग्रता लाने में सहायक है । योग मन की ताकत को बढ़ाता है । प्रधानमंत्री ने कहा कि अब विश्व के कोने-कोने में योग की महत्ता लोग समझ गये हैं । संयुक्त राष्ट्र संघ ने दस वर्ष पूर्व 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया था । अमरीका में तो अब योग शिक्षा के लिए नियमित क्लासें लगती हैं और वहां के स्त्री पुरुष रोज सुबह नियमित योग करते हैं । दस वर्ष पूर्व संयुक्त राष्ट्र संघ में कुल 177 देशों के प्रस्ताव के साथ यह तय हुआ कि 21 जून को प्रति वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा ।

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने निर्णयों से इस दिवस को अविस्मरणीय बना दिया है । उन्होंने अपने संबोधन में योग के साथ-साथ आयुर्वेद और आयुष चिकित्सा पद्धति पर भी बात की । टी.वी. की खबरों के अनुसार सारे केन्द्रीय मंत्रियों ने अपने-अपने कार्यालयों या लोकसभा क्षेत्रों में अपने सहयोगियों के साथ योग किया ।

यह सुखद घटना है कि विपक्ष ने भी इस पर कोई राजनीति न करते हुए स्वयं में व योग में भाग लिया । प्रदेश जिला स्तर पर कलेक्टर और अन्य विभागों के विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने कार्यालय में योग किया ।

भारत में योग को फैलाने में स्वामी बाबा रामदेव का बड़ा हाथ है । इस बात को स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकारा और सराहा था । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश में एक योग आयोग बनाने की बात की है । इसके साथ ही आनंद विभाग और आयुष मंत्रालय को भी जोड़ा जायेगा । मध्य प्रदेश के विश्व विद्यालयों में योग को एक विषय के रूप में पढ़ाया जायेगा । योग से एक नई संचेतना आती है और इससे चित्त को एकाग्र करने की शक्ति मिलती है । इसलिए विद्यार्थियों के लिए तो योग एक प्रकार से संजीवनी है जिससे वे अपने विषय को और गहनता से और ग्रहण कर सकते हैं । इस अवसर पर अनेक वक्ताओं ने कहा कि योग से निरोगी काया प्राप्त होती है । आज विश्व में योग का महत्व लोग समझ गये हैं । आने वाले बरसों में मोदी जी के नेतृत्व में भारत की और विद्याएं और कलाएं विश्व में फैलेंगी और पुनः विश्व में भारत का डंका बजेगा । भारतीय विद्या का महत्व तात्कालिक न होकर स्थाई होता है और भारतीय विद्या आध्यात्म और ईश्वरीय शक्ति से जुड़ी है । इस ईश्वर को हम अलग-अलग नामों से जानते हैं परन्तु इसका प्रभाव स्थाई और चिरकालिक है । हम मात्र 21 जून को ही योग न करके इसे अपने जीवन का स्थाई भाव बनायें । दैनिक अजय भारत की ओर से सभी को शुभकामनाएं ।

# मोबाईल ने छीन लिया नौनिहालों का बचपन, शालाओं में भी शारीरिक गतिविधियां लगभग शून्य, बीपी, शुगर के मरीजों की तादाद में इजाफा!

**लिमटी खरे**

आदि अनादिकाल से ही ऋषि मुनी कहते आए हैं 'पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख जेब में हो माया . . .।' पर आज के दौर में असंयमित खानपान ने लोगों को तरह तरह की बीमारियों से लाद दिया है। आज आलम यह है कि शालाओं में अध्ययन करने वाले नौनिहालों को रक्तचाप, शुगर जैसे रोग जिन्हें राजरोग कहा जाता है आज आम दिखाई देते नजर आते हैं। सात आठ साल के बच्चों का वजन भी अपेक्षाकृत ज्यादा ही है। आज 10 से 15 साल के बच्चों की शारीरिक कसरत नहीं के बराबर ही है। सुबह उठकर शाला जाना, शाला में आठ से दस कालखण्ड अर्थात पीरियड्स की पढ़ाई, फिर घर आकर ट्यूशन के लिए रवाना और वापस आकर खाना खाकर विश्राम। इस बीच में जो समय मिला उसमें शारीरिक कसरत के बजाए मोबाईल की स्क्रीन पर ही बच्चों का समय बीतता नजर आता है।



देखा जाए तो बेहत स्वास्थ्य का अधार ही शारीरिक श्रम और संतुलित एवं अच्छा पौष्टिक आहार ही माना जाता है। इससे उच्च या निम्न रक्तचाप, डायबिटीज, हृदय संबंधी रोग, गुर्दे संबंधी रोग, कर्क रोग आदि जैसी बीमारियों को भी रोका जा सकता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद आईसीएमआर की एक रिपोर्ट पर अगर गौर करें तो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद नहीं रहने वाले आहार के कारण देश में 56.4 फीसदी लोग बीमार होते हैं। इस रिपोर्ट में आहार के संबंध में लगभग डेढ़ दर्जन दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। इन दिशा निर्देशों का लब्बो लुआब यही है कि तेल और शक्कर का कम प्रयोग एवं फुड सप्लीमेंट से बचा जाए। स्वास्थ्य संबंधी इन नई परेशानियों की जद में बच्चों और युवाओं को अधिक देखा जा रहा है। मोटापा और मधुमेह अब युवाओं के बीच आम समस्या की तरह उभरे हैं।

कमोबेश यही बात हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पोषण संस्थान के द्वारा जारी दिशा निर्देशों में कही गई है। इसमें भी जंक फुड से दूर रहने की ही सलाह दी गई है। ब्रिटेन के एक मेडीकल जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक अल्ट्रा प्रोसैस्ड फुड का सेवन करने वालों में मौत का खतरा अन्य की तुलना में बहुत ज्यादा था। यह अध्ययन शोधकर्ताओं के द्वारा लगातार 34 सालों तक 44 हजार व्यस्क लोगों का आहार नियम और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी विस्तार से एकत्र करके किया गया था। दरअसल अल्ट्रा प्रोसैस्ड फुड उन्हें माना गया है जिनके वास्तविक और प्राकृतिक स्वरूपों में चीनी, नमक, वसा, कृत्रिम तत्वों की मात्रा अधिक की जाकर उसमें बहुत ज्यादा बदलावा किया जाता है। इस श्रेणी में डिब्बाबंद खाद्य सामग्री, नूडल्स, शीतल पेय, इंस्टेंट सूप, पैकेज्ड स्नैक्सा आदि आते हैं।

अभी ज्यादा समय नहीं बीता है जबकि देश में प्राकृतिक तौर पर पाई जाने वाली खाद्य सामग्री का ही उपयोग किया जाता था। हर घर के पीछे थोड़ी सी जगह हुआ करती थी, जिसे बाड़ा या बाड़ी कहा जाता था। यहीं घरों के बर्तन मंझते थे, कटी सब्जियां आदि फेकी जाती थीं। यहां लौकी, कद्दू, गिलकी आदि की बेल या मिर्ची, धनिया, टमाटर सहित हरी सब्जियां भी अपने आप ही इसलिए ऊग जाया करती थीं, क्योंकि इनके बीच वहां अनजाने में ही फेंक दिए जाते थे।

घरों में मवेशी पलते थे, उनके दूध का उपयोग कर मही, घी आदि घर पर ही बना करता था। घर पर ही मिर्ची, हल्दी, धनिया और अन्य मसाले कूटे जाते थे। सुबह के नाश्ते में रात की रोटी और दूध ही सभी को दिया जाता था। कहने का तातपर्य कि सब कुछ असल हुआ करता था। इसमें मिलावट की गुंजाईश न के बराबर ही हुआ करती थी।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि शहरी और कस्बाई क्षेत्रों की जीवनशैली में खानपान की आदतें बहुत तेजी से परिवर्तित हुई हैं। जबसे डिब्बाबंद और बने-बनाए भोज्य पदार्थों का बाजार बढ़ा है, तबसे खाने पीने के पारंपरिक नियम-कायदे छिन्न-भिन्न होने लगे हैं। बच्चों और युवाओं की जीभ पर बाजार का स्वाद अपना राज करने लगा है। जीभ को तो स्वाद पसंद है, पर उस स्वास्थ्य की हमारा शरीर क्या कीमत चुका रहा है इस बारे में कोई विचार करना मुनासिब नहीं समझता है।

आज के समय में सुबह का नाश्ता मैगी, नूडल्स, समोसा, कचौड़ी आदि के रूप में परिवर्तित हो चुका है। सुबह के दूध की जगह चाय ने ले ली है। डिब्बाबंद खाद्य सामग्रियां घरों में रसोई की शोभा बढ़ा रहीं हैं। रात को सोते समय गर्म दूध के बजाए युवा शराब का सेवन करते नजर आते हैं। खाने के उपरांत सौंफ, अजवायन, अलसी आदि का सेवन किया जाता था, पर अब तो पान, तंबाखू, डिब्बाबंद पान मसाले, सिगरेट बीड़ी प्रचलन में है। उन्नीसवीं सदी के अंतिम दशक की अगर बात की जाए उस दौर में गांव में जितना बड़ा अदरक मिलता है उतनी बड़ी तो अदरक की गांठ महानगरों में मिला करती थी। इंजेक्शन लगाकर सब कुछ इंस्टेंट ही बड़ा करने का प्रयास जो जारी रहा है। आज फलों को मीठा बनाने और जल्द पकाने के लिए किस तरह के कैमिकल्स मिलाए जा रहे हैं, इसके वीडियो सोशल मीडिया पर अटे पड़े हैं। इन सबको देखकर यही लगता है कि क्या खाया जाए क्या नहीं!

रही सही कसर सोशल मीडिया के द्वारा निकाल दी जाती है। सोशल मीडिया नामक अघोषित यूनिवर्सिटी के व्हाट्सऐप कॉलेज हों, रील वाले कॉलेज हों, फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स या कोई और कॉलेज, हर जगह आपको मोटापा, कैंसर, उक्त रक्तचाप आदि हर बीमारी के एक्सपर्ट अघोषित डाक्टर्स मिल जाएंगे, जो आपको तरह तरह के उपचार बताते नजर आएंगे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस के समय में तो और बेड़ा गर्क होता दिखता है। आप अपने मोबाईल पर जिस भी विषय में वीडियो देखते हैं, आपको उसी विषय के वीडियो लगातार ही परोसना आरंभ कर देता है सोशल मीडिया। इस पर सरकार का कोई नियंत्रण ही नजर नहीं आता है।

केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय, वाणिज्य उद्योग मंत्रालय सहित अन्य जरूरी विभागों, सूबाई सरकारों के विभागों आदि को आपस में समन्वय बनाकर स्वास्थ्य के लिए खतरनाक डिब्बाबंद खाद्य सामग्रियों पर प्रतिबंध लगाया जाए साथ ही सोशल मीडिया यूनिवर्सिटी में बिना किसी चिकित्सकीय उपाधि (डिग्री) के तरह तरह के उपचार बताने वालों के खिलाफभी कठोर कार्यवाही की जाना चाहिए, ताकि सदियों पहले से कही जाने वाली बात 'पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख जेब में हो माया' की पहली पंक्ति को तो चरितार्थ करने के मार्ग प्रशस्त हो सकें।

# खपरैल मकानों से कंक्रीट भवनो में गुम होता इंसान!

**आत्माराम यादव पीव**

खपरैल शब्द आते ही एक ऐसे कमरे-मकान का स्वरूप हमारे सामने आ जाता है जो हमारी मोलिक सांस्कृतिक धरोहर है जिसे देश के ग्रामों ओर शहरों से उजाड़ा जा रहा है ओर पर्यटन स्थलों पर हमारी मूल विरासत कि दुहाई देकर इन खपरैल मकानों को सहेजा जा रहा है। दो दशक पूर्व से बीती शताब्दियों का किस्सा सभी के जेहन में है जहा इन खपरा अर्थात खपरैल मकानो में आपका, मेरा जन्म हुआ, हमारा लालन पोषण, गोदी, झूला से घुटने चलाई, गिरकर खड़े होने जैसी यादों के साथ चिमनी, लालटेन, दीये के प्रकाश में पढ़ाई की शुरुआत सहित घर के बाहर आँगन ओर आँगन में तुलसीधारा की परिक्रमा से जुड़ा है। जो खपरैल मकानों के इर्द-गिर्द ही पला बड़ा हुआ है। खपरैल की मुड़ैर पर फंसी हमारी पतंग या गिल्ली डंडा खेलते समय गिल्ली मगरी पर गिरती थी तब वे जब तक नहीं निकलती थी जब घर में रोटी बनाती अम्मा, काकी, बुआ, मौसी, नानी की फटकार या बाहर बैठी दादी की प्यार भरी डपट तुमाओं राम भलो करें सबई खपरा फैर दवे मिल जाती थी। देश के अनेक प्रदेशों में भाषा बोली की भिन्नता रही हो किन्तु सभी के खपरैल मकान में रोजमर्या के इस्तेमाल के लिए एक कमरे के कोने में चकिया, चूल्हे के पास पिंडी, सिकोली टिकोली, धान कूटने का मूसल शोभा बढ़ाते थे। बढ़ती आधुनिकता जीवन शैली में हम खपरैल के संरक्षण की बात भी नहीं कह सकते अब ये सभी सामग्री संग्रहालयों में संभाल कर रखने वाली होती जा रही है ओर ग्रामीण परिवेश ने अपनी मौलिकता को बदलकर शहरी परिवेश में ढाल लिया है जिससे अब पर्यावरण के साथ खेती के कम होने से कंक्रीट मकानों में आदमी गुम होने लगा है जिस हेतु जनजाग्रति आवश्यक है।



मानव जीवन के बौद्धिक स्तहर पर विकास के प्रादुर्भाव की सोच का मूलमंत्र झोपड़ी रही है ओर झोपड़ी में निश्चिंतता से अपनी संस्कृति ओर परम्पराओ को अपने पूर्ण स्वाभिमान को जीने वाले सीधे सादे वनवासी, ग्रामवासी ओर शहरी रहे है। गत कुछ वर्षों में देश-प्रदेश की सरकारें ने कच्चे मकानों, झोपड़ियों से मुक्त कर क्रांकिट के भवनो का सपना दिखाकर इन लोगों को इनकी मौलिकता ओर गर्व करने वाली संस्कृति से वंचित कर इनके मूल साधनों ओर संसाधनों को छीन चुकी है। सरकारों ने मिट्टी के बने कच्चे मकानों की दीवारों को तोड़कर पहले इन्हे इनकी मिट्टी से अलग किया जिसमें इनकी आत्मा का निवास था फिर झोपड़ी में रहने वालों को धूल, पानी अंधड़ तूफान का भय से घाँसफूस से बनी झोपड़ी उड़ जाने का डर बताकर आधुनिक मकान दिये। यही नहीं मिट्टी के बने देशी कबेलू के मकान ओर अंदर कमरों की देशी बनावट इनके सुख को हजारगुणा कर इन्हे पर्यावरण से सुरक्षा के कवच उपलब्ध कराती थी वही इनके उपलब्ध स्व साधन जहा ये अपने मकानों के आसपास प्राकृतिक हवा पानी की व्यवस्था हेतु नीम, पीपल, इमली आदि के पेड़ ये लोग अपने घरों ओर गाँव में लगाते थे से इन्हे वंचित कर इन पेड़ पोधों को कटवाकर प्रकृति से कोसों दूर कर कंक्रीट के भवनों में इन लोगों को गुम कर दिया है। बड़े-बड़े पूंजीपति या सरकार आज भी अंग्रेजों के समय के अंगेजी खपरेल वाले मकानों में सरकारी ऑफिस बनाए है या उन्हे रेस्ट हाउस, सर्किट हाउस के रूप में साज सज्जा कर इस्तेमाल कर प्रकृति का पूरा आनंद उठा रहे है पर मजे की बात है जिन लोगों के मिट्टी के मकान ओर देशी खपरैल वाले मकानों पर इन्हे गौरब था वे ही इन अँग्रेजी मकानो में ठहरने की सोच भी नहीं सकते फिर यहा रहना उनके लिए सपना भर है। आज सरकार देश के हर गाँव, जंगल, शहर ओर महानगर में झुग्गी झोपड़ी ओर मकानो मे रहने वालो को गरीब मानकर उसे पक्का मकान बनाकर गरीबी से मुक्त कर रहे है जिसमें कई प्रदेशों में इन योजनाओं का नाम ङ्गमुखमंत्री आवास ओर प्रधानमंत्री आवासङ्घ योजना का लाभ देकर यह साबित करना चाहते है की तुम कोई मामूली या आम आदमी नही हो प्रधानमंत्री आवास ओर मुख्यमंत्री आवास में रहने वाले हो, यानि तुम कोई प्रधानमंत्री ओर मुख्यमंत्री से कम नहीं हो ? गरीब पक्का कांक्रीट का भवन पाकर फूला नहीं समाता किन्तु जैसे ही उसमें रहना शुरू करता है तो पता चलता है की वह अन्य सरकारी योजनाओं से वंचित हो गया क्योकि वह अब एक छोटा सा क़ैदख़ानानुमा भवन निर्माण कराकर अमीर हो गया है।

भारत कृषि प्रधान देश रहा है, और अगर देश के पूंजीपतिओ की बुरी नीयत इन किसानों के ग्रामीण क्षेत्रों की कृषिभूमि पर पड़ी तो कुछ साल ओर यह देश कृषि प्रधान रह सकेगा वरना शहरी क्षेत्रो के आसपास चारों सीमाओ में खरपतवार की तरह उगने वाली कांक्रीट की बहुमंजिला इमारतों का महाजाल बिछाकर इन पूंजीपतिओ द्वारा पैसा छापने की टकसाल लगाकर भूमियो को हथियाने का सिलसिला नही थमेगा। शहरी विकास प्राधिकरण, नजूल ओर लोकनिर्माण से लेकर नगरपालिकाए, एसडीएम आदि के कार्यालय सारे नियमो-कानूनों को ताक पर रखकर इन्हे अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने में दो घर आगे होते है। शहरी चमक-दमक में धन शक्ति से पूर्ण ग्रामीण परिवार शहर में स्थान बनाकर, शहरीकरणको विकसित कर ग्राम्य जीवन को उपेक्षित भाव रख गांवों से पलायन कर रहे हैं। उन्हें जन्मभूमि कर्मभूमि ग्राम्य जीवन में 'गंवारता' का बोध होने लगा है, यही कारण है कि शहर की कंक्रीट कालोनियों में इनका मन भा गया है ओर इन्हे गाँव के खपरैल मकानों से कोफ्त हो गई है तभी शहर कि संस्कृति में ये लोग अपने को आधुनिक समझने लगे है जो पर्यावरण संतुलन के लिए घातक है।

समझने वाली बात है कि सांस्कृतिक रूप से तो जीवन ओर मृत्यु हमारी लोक परम्पराओं, संस्कृति और भारतीय संस्कारों से ही जन्मता है, पलता है और बड़ा होकर भारतीय पहचान को स्थापित करता है। लोगों के रहने, पहनने, खाने-पीने सभी में लोक संस्कृति की पृथक-पृथक सभ्यता रही है, जो उनकी मौलिकता और सभ्य पहचान होती है। देश, भाषा, रूप, स्वरूप, संगीत, साहित्य, खानपान व जीवन की सभी प्राकृतिक एवं पर्यावरणीय सुविधाओं के साथ सद्?भाव और सन्मार्ग से जोड़ने का सवाल अब इस बदलाब के बाद खड़ा होने लगा है जिसमे अपनी जमीन से अपनी मातृभूमि से पृथक होने वाली पीढ़ी इस अंधी दौड़ में संस्कारों को दमित करती जा रही है। यही कारण है कि पहले जहा खपरैल मकान को छाने-छाबने कि बात होती थी तब ग्राम के बड़े व्यक्ति भी सिद्धस्थ होने पर मदद के रूप में दिन भर यह काम करते थे ताकि बरसात में इनके काम किए मकान कि मगरी से लेकर नीचे तक कोई पानी का टपका शेष नही रहता था किन्तु अब हमने ऐसे हालात निर्मित कर लिए है जिसके समक्ष मानवीय मूल्य अर्थहीन हो गए है ओर व्यकित का आपसी प्रेम व अपनापन निजी स्वार्थ कि बलि चढ़ गया है तभी बिना मूल्य लिए कोई मदद के लिए आगे नहीं आता है। पर्यावरण के लिए असंतुलन कि बात के परिणाम कोई देखना नहीं चाहता है हा बतौर सजा के भुगत रहा है ओर उसे अपनी मौज मान ली है। जिन्हे कबेलुनुमा कच्चे खपरैल मकानों, टीन की चादरों से घर में आग उगलते आवासों व झोपड़ियों से मुक्त कर देश में सरकारों आम नागरिकों को झुग्गी झोपड़ी ओर खपरैल मकानों से वंचित कर उनके सपने छीन रही है, वही सरकारे पैसा कमाने के लिए, बड़े पूंजीपतिओ को आकर्षित करने के लिए जंगलो में, नदियो किनारे, आदि पर्यटनस्थलो पर प्रकृति कि गोद में पूर्ण हँसती खेलती पवन के अठखेलियों का आनंद लेने के लिए वही खपरैल मकान में चाँदनी रात में ठहरने का लोभ देती है ओर खपरैल मकानों से कमाई कर लोगों के जीवन को सुहाना बनाने कि प्रतिस्पर्धा करती है, अगर सरकार इनकी जगह किसी गाँव में इन खपरैल मकानों में ग्रामीणो के साथ पेइंगगेस्ट के रूप मे योजनाए लाती तो अनेक गाँव जी उठते, अनेक ग्रामीण अपने खपरैल मकानों के सुख को देश दुनिया के बड़े लोगो से सांझा कर रोजगार के पर्याप्त अवसर भी प्राप्त कर सकते थे ओर अपने खपरैल मकानो को सुरक्षित ओर संरक्षित रख सकते थे, पर क्या कीजिएगा वे बेरोजगार है ओर पूंजीपति के रोजगार में इजाफा हुआ है। यही कारण है ग्रामों से मजदूरी रोजगार पाने के लिए शहरों कि ओर पलायन थमने का नाम नही ले रहा है। हर शहर में कोई जयस्तम्भ, कोई चौक, कोई पुलिया, कोई बाजार अवश्य मिल जाएगा जहा ग्रामीण ही नही अपितु शहरी मजदूर काम के तलाश में सुबह घर से निकलता है ओर उस मजदूर मंडी में अपने को साबित करना होता है वरना लोग इतने चतुर चालक है जो युवा मजदूरों को पहले चुनते है ताकि उनकी ताकत का पूरा शोषण दुगुना काम कराकर प्राप्त कर ले। अधेड़ बूढ़े मजदूरों को काम के लिए गिड़गिड़ाना पड़ता है, आखिर मुख्यमंत्री ङ्कप्रधानमंत्री आवास मे रहने की कुछ तो कीमत चुकानी होगी। यही मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री आवास में रहने वाले मजदूर हर गाँव,शहर महानगरों में एक से एक अत्याधुनिक भवनों के विकसित स्वरूप गगन चूमते अट्टालिकाओं एवं एवं आधुनिक शैली के फाइबर के भवन मनुष्य की सुविधाओं के लिये निर्माण करते आ रहे है। मिट्टी से चूना, चूना से सीमेंट, सीमेंट से कंक्रीट और अब लोहा सीमेंट से 50 मंजिला भवन हमारे विकासशील होने के प्रमाण दे रहे हैं। देखा जाये तो सुनहरे भविष्य की मान्यताओं में यह सुविधा आवश्यक भी मानी जाती है, परन्तु आधुनिक संरचनाओं ने हमारे तन-मन-धन को गिरवी रख लिया है और हम पाश्चात्य सभ्यता के ऋणी हो गए हैं। जिसका भुगतान हमें ही नहीं आने वाली पीढ़ी को भी चक्रवर्ती ब्याज के साथ चुकाने को तैयार रहना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### अखिल भारतीय अघरिया समाज के वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न

**प्रतिभा सम्मान, एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर में शामिल हुई विधायक चातुरी नंद**

**सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की**



**सरायपाली ( समय दर्शन )** कार्यक्रम का शुभारंभ अघरिया समाज के आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि अघरिया समाज एक मेहनतकश समाज है। समाज आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। समाज के लोगों का स्नेह और दुलार मुझे सदैव मिला है। उन्होंने आत्मीय स्वागत के लिए अघरिया समाज का आभार जताया। विधायक नंद ने अघरिया समाज के भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपये देने की बड़ी घोषणा भी की। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल अखिल भारतीय अघरिया समाज के केंद्रीय अध्यक्ष भुनेश्वर पटेल, उपाध्यक्ष गेसमोती पटेल, कोषाध्यक्ष द्वारिका पटेल, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, दीनदयाल पटेल, लक्ष्मण पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, प्रेमशीला नायक, खेमराज पटेल,नेहरू पटेल, दुष्यंत पटेल, गोपाल नायक, विश्वनाथ नायक, अमृत पटेल और तोश कुमार पटेल ने भी संबोधित किया

**अघरिया समाज का शानदार निर्णय-** कार्यक्रम में अघरिया समाज के द्वारा प्री वेडिंग बंद करने, मांसाहहार त्यागने और 8 बजे के पहले बाराती आगमन का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उपरोक्त प्रस्ताव पर अपनी सहमति देते हुए निर्णय को स्वागतयोग्य बताया।

**मेघावी छात्रों का हुआ सम्मान-** कार्यक्रम में मेघावी छात्रों को सम्मानित कर उनका हौसला अफ्जाई किया गया। कार्यक्रम में कु माधुरी पटेल गायत्री पटेल, देवकी चौधरी, गीतेश पटेल, धर्मेंद्र चौधरी, सौरभ चौधरी, दिव्या पटेल, यामिनी चौधरी,बृजेश कुमार चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, चंचला चौधरी,आंचल पटेल समेत उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया।

**कार्यक्रम में ये रहे शामिल-** कार्यक्रम में कमल पटेल, भेष कुमार पटेल, डंका धर चौधरी, रघु राम पटेल, कन्हैया पटेल, गंगा मनोज पटेल, सरपंच हेमंत कुमारी पटेल, ओमप्रकाश पटेल, गोपाल पटेल, तोष कुमार पटेल, , विजय पटेल, सुशील नायक, कुमार सिंह चौधरी, रविलाल पटेल, श्रवण पटेल,लीला कांत पटेल, पद्मलोचन पटेल, उग्रसेन पटेल, सुशीला नायक, राधिका नायक, हीरा चौधरी, निर्मला पटेल, डिग्री नायक, युधिष्ठिर चौधरी समेत अघरिया समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मोर सपना, मोर विकसित छत्तीसगढ़ के लिए आम जनता से 30 जुलाई तक सुझाव आमंत्रित

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** मोर सपना, मोर विकसित छत्तीसगढ़ में आप भी भाग लेकर अपने राज्य के भविष्य निर्माण में सहायक हो सकते हैं। आपको सिर्फ करना यह है कि छत्तीसगढ़ में विकास के लिए आप क्या जरूरी समझते हैं अपने सुझाव को 30 जुलाई 2024 तक अपने मोबाइल से क्यूआर कोड के माध्यम से भेज सकते हैं। उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त 2021 को लाल किले की प्राची से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संकल्प लिया गया था कि 2047 तक आजादी के 100 वें वर्ष पूर्ण होने पर देश को विकसित राष्ट्र बनाएंगे। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी द्वारा अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन/2047 डॉक्यूमेंट विकसित राज्य के लिए पहल की गई है। इसके लिए राज्य नीति आयोग द्वारा नागरिक पोर्टल का निर्माण किया गया है जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ की जनता एवं शासकीय अधिकारी-कर्मचारी राज्य के विकास के लिए अपने सुझाव राज्य नीति आयोग तक पहुंच सकते है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि अमृतकाल: छत्तीसगढ़ विजन/2047 डॉक्यूमेंट का निर्माण हो रहा है। राज्य के विकास को समावेशी बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा आम जनता से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इसमें छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक सामाजिक आर्थिक एवं अधोसंरचना विकास सहित अन्य सुझाव दिया जा सकता है। विकसित छत्तीसगढ़ के लिए उद्देश्य है की राज्य की जनता किस प्रकार का विकसित छत्तीसगढ़ चाहती हैं, इसके लिए आम जनता से ही जानकारी लिया जाए। आम जनता अपने सुझाव को सुगमता पूर्वक क्यूआर कोड का इस्तेमाल करते हुए राज्य नीति आयोग तक पहुंचा सकते हैं। सभी जनता से अपील की जाती है कि वह 30 जुलाई 2024 तक विकसित छत्तीसगढ़ राज्य बनाने के लिए अपने सुझाव जरूर साझा करें। जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ विजन/2047 डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए आम नागरिकों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी सुझाव मांगे गए हैं।

# वनभूमि में अतिक्रमण एवं अवैध जुताई करते दो ट्रेक्टर राजसात होगी

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** वनभूमि में अतिक्रमण एवं अवैध जुताई करते हुए दो ट्रेक्टर को पकड़ने में वनविभाग को सफलता मिली है। यह घटना रेंगाखार वन परिक्षेत्र में कारौंदाबाहरा (बैगाडेरा) के पास की बताई गई है। वन अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान वन क्षेत्र के अन्दर दो नग टैञ्क्टर द्वारा वन भूमि की जुताई करते पाया। दोनों ट्रेक्टर नांगर के साथ कार्यवाही के बाद राजसात होगी।

वनमंडलाधिकारी कवर्धा शशि कुमार ने बताया कि मुखबीर की सूचना के बाद अभिषेक अग्रवाल (प्रशिक्षु भा.व.से.) वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंगाखार (सा.) द्वारा परिक्षेत्र सहायक, परिसर रक्षक, पुलिस बल एवं अन्य वन प्रबंधन समिति के कर्मचारियों की टीम रेंगाखार वन क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान



रेंगाखार परिक्षेत्र, कक्ष क्रमांक पी.एफ 364 स्थानीय नाम कारौंदाबाहरा (बैगाडेरा) के पास वन क्षेत्र के अन्दर दो नग टैञ्क्टर द्वारा वन भूमि की जुताई करते पाया गया। मौका स्थल वन क्षेत्र पर ही सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी एंव परिसर रक्षक रेंगाखार एवं संयुक्त वन प्रबंधन समिति रेंगाखार/संयुक्त वन प्रबंधन समिति अड़वार के कर्मचारी एवं पुलिस बल की सहयोग से जप्ती की कार्यवाही कर अभियुक्त टैञ्क्टर वाहन चालक खेलसिंह धुर्वे वल्द अक्कलसिंह धुर्वे, निवासी ग्राम करौंदाबाहरा (रेंगाखारकला) एवं सुरेन्द्र मरकाम वल्द देवसिंह निवासी ग्राम बिठली, पोस्ट..थाना बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (प) क एवं ग के तहत् वन अपराध प्रकरण क्रमांक 18034/11 दिनांक 27.06.2024 तथा क्रमांक 18034/12 दिनांक 27.06.2024 पंजीबद्ध कर दो नग ट्रैक्टर नागर सहित जप्त किया गया। वाहन के राजसात की कार्यवाही की जा रही है।

# प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का आयोजन, विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद



**बसना ( समय दर्शन )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 111 वां एपिसोड में देश को संबोधित किये। वहीं बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हबेकांटा के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में क्षेत्रीय विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुने। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी पहली बार देश को संबोधित किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने आपको तीन महीने पहले कहा था कि मैं फ्रि मिलूंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले ऐतिहासिक चुनाव के सफ्लतापूर्वक संपन्न होने पर भी देशवासियों को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि आज 30 जून का दिवस आदिवासी समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। 30 जून के दिन को हमारे आदिवासी भाई-बहन 'हूल दिवस' के रूप में मनाते हैं। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई थी। यह 1857 की क्रांति से पहले दो सौ साल पहले हुआ था। हमारे आदिवासी समुदाय के लोगों के खिलाफ अंग्रेजों ने तमाम प्रतिबंध लगा दिए थे। इस लड़ाई में झारखंड के वीर सिद्धो और कानो शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि वीर सिद्धो-कान्हू ने हजारों संथाली साथियों को एकजुट करके अंग्रेजों का जी-जान से मुकाबला किया, और जानते हैं ये कब हुआ था? ये हुआ था 1855 में, यानी ये 1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से भी दो साल पहले हुआ था, तब झारखंड के संथाल परगना में हमारे आदिवासी भाई-बहनों ने विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठाया था।

उन्होंने आगे कहा कि इस महीने पूरी दुनिया ने 10वें योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया है। मैं भी जम्मू- कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुआ था। कश्मीर में युवाओं के साथ-साथ बहनों-बेटियों ने भी योग दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जैसे-जैसे योग दिवस का आयोजन आगे बढ़ रहा है, नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। दुनिया भर में योग दिवस ने कई शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। सऊदी अरब में एक सऊदी महिला ने कॉमन योग प्रोटोकॉल को लीड किया है। इजिप्ट में इस बार फेटो कंपटीशन का आयोजन किया गया। बहरीन में दि०?यांग बच?चों के लिए स्पेशल सेशन आयोजित हुआ। भूटान में बड़ा योग दिवस का कार्यक्रम हुआ।

वहीं इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि, एक पेड़ माँ के नाम..अभियान चलाया जा रहा है। मेरा आवाहन है कि आप सभी माँ के स्मृति में और उनके सम्मान के लिए एक पेड़ अवश्य लगाएं। पीएम मोदी ने कहा कि यह अभियान सही से आगे बढ़ रहा है। देशवासी इस अभियान से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं आपसे पूछना चाहता हूँ कि दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता कौन सा होता है तो आप जरूर कहेंगे- मां। हम मां को कुछ दे तो सकते नहीं हैं, लेकिन और कुछ कर सकते हैं क्या? इसी सोच में से इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान का नाम है- एक पेड़ मां के नाम। सभी से अपील की गई है कि वे अपनी मां के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं। मैंने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है। आप सभी भी इस अभियान से जुड़ें मां के लिए एक पेड़ लगाएं और अपनी तस्वीरों को और एक पेड़ मां के नाम इसके साथ साझा करके दुसरों को भी प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण किया।उन्होंने कहा कि निस्संदेह मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी को राष्ट्र उत्थान और जनकल्याण की प्रेरणा प्राप्त होती है। सभी देशवासियों को अपना अमूल्य मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हृदय से अभिनंदन करता हूं।

ग्राम हबेकांटा में आयोजित मन की बात व वृक्षारोपण कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल, मण्डल अध्यक्षगण अनिल अग्रवाल, माधव साव, हरप्रसाद पटेल, कृष्ण कुमार साहू, नरेश सिंघल, विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल,विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा,विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, मोहित पटेल, हेमसागर भोई,उपसरपंच त्रिलोचन भोई, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय भोई, भठोरी सरपंच ब्रजेश यादव, कामेश बंजारा, नरेश साव, श्यामलाल नाग, शांति लाल सोनी, कदमसिंग नाग, भोपाल पटेल, बिलास बेहरा, वासुदेव, धनीराम साहू, निशामणी साव, अजय साव, समीर बेहरा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले में नवनिर्माण शाला भवन की स्थिति बेहाल

**बलौदाबाजार ( समय दर्शन )।** देश में 26 जून से शिक्षा सत्र की शुरुआत हो चुकी है। सत्र प्रारंभ होते ही,शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन प्रदेश भर के विद्यालयो में रखा गया था। सर्व सुविधा युक्त विद्यालय व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर भले ही शासन प्रशासन वाहवाही लुटती रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को दरकिनार कर वास्तविकता से अवगत कराती है ।



**ग्रामीणों ने जताई स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मध्यम पनगांव विद्यालय निर्माण में भ्रष्टाचार की आशंका :** एक करोड़ सत्रह लाख रु के लागत से बन रही कूल 9 कार्य जिसमे 8 कार्य पूर्ण हो चुके है एक कार्य सरकारी फाईलो मे प्रगतिरत बताया जा रहा है कार्यों के सूची इस प्रकार है

बोर खनन एवं पंप स्थापना मे 1.17लाख रु, पेवर ब्लॉक कार्य रु5.67लाख प्रवेश द्वार निर्माण रु3.83लाख, प्रथम तल कक्ष निर्माण रु 23.9लाख जीर्णोद्धार कार्य रु 28.26 लाख पोर्च निर्माण रु 7.40लाख सीसी रोड निर्माण रु 5.43 लाख अतिरिक्त कक्ष निर्माण रु 34.69लाख सायकल स्टैंड रु 7.44लाख।

सरकार के करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद काम सन्तुलन नजर नहीं आ रहा वहीं गुणवत्ता की बात करें तो वह अपनी इज्जत बचाकर लगभग चार किलोमीटर दूर सरकारी दस्तावेज में दुबक कर बैठा दिखाई पड़ रहा है ।

लोक सेवा यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी व ठेकेदार के बीच की बात है,तभी तो स्कूल में बच्चे बैठे तक नहीं है , लेकिन स्कूल के दीवारों में दरारे पड़ने लग गई हैं सीलन आने लग गई हैं तो ऐसे में यह भवन कब दम तोड़ देगी और कितने को ले डूबेगी यह तो भविष्य बताएगा । प्रकृति ना करे ऐसी अनहोनी जिसमें भ्रष्टाचार के भेट नवनिहालों को चढ़ाया जाए।

स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि ऐसे घटिया निर्माण को रोकते हुए जांचकर भ्रष्टाचार सम्बंधित ठेकेदार के ऊपर निर्माण मे लगे राशि का पूर्ण वसूली एवं सम्बंधित इंजीनियर पर निलंबन करते हुए विभागीय जांच करे साथ ही साथ भ्रष्ट ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करते हुए कार्यवाही की जाये ताकि साथ ही दुबारा कोई ऐसा गलती न करें। साथ ही साथ मांग किया किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद हिंदी स्कूल मामले मे कार्यवाही रिपेरिंग तक सीमित न हो सम्बंधितो पर उचित कार्यवाही करे। अगर सम्बंधितो पर कुछ कार्यवाही नहीं होती तो भ्रष्टाचार मे मनोबल बढ़ेगा जिससे आगामी कार्य मे भी इस प्रकार की अनियमितता होती रहेगी।

**थूक पालिस कर कार्य पूर्ण नहीं किये जाये सम्बंधित इंजिनियर और ठेकेदार पर हो कार्यवाही :** इससे पूर्व मे भी हमारे अख़बार द्वारा भरसेला बड़ा ग्राम पंचायत के सार्वजनिक शौचालय भवन निर्माण मे अनिमितता बरतने के कारण दरार पड़ गयी जिसे प्रमुखता से खबर चलाकर जिला प्रशासन के संज्ञान मे लायी गयी थी जिसे तत्कालीन कलेक्टर द्वारा जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया तो आरईएस के इंजीनियर दुर्गा प्रसाद साहू द्वारा थूक पालिस कर सीमेंट के परत चढ़वाकर एवं पोताई करवाके पूर्ण कर दिया गया और रिपोर्ट मे सम्बंधित एसडीओ द्वारा जांच मे कोई गड़बड़ी नहीं करके प्रस्तुत कर दिया गया।एसडीओ द्वारा जांच मे कही कोई उल्लेख नहीं किया गया कि निर्माण के बाद क्यों दरार पड़ी कौन इंजिनियर द्वारा किस तरह सत्यापन मूल्यांकन किया गया अंतिम किस्त किस आधार पर जारी किया गया सम्बंधित इंजीनियर पर क्यों कार्यवाही के लिए लिखा नहीं गया ये तमाम बातो को नजरअंदाज किया गया इसकी वजह तो पता नहीं चल पायी है।

जिससे जनमानस में चर्चा है कि चोर चोर मौसेरे भाई होते है।

हालांकि हमने किसी से संबंधित कुछ मुद्दों पर अधिकारियों से बातचीत किया

---

बलौदा बाजार जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूल खुलने से पहले साफ सफाई, बालकान पाठकान, वह शासन से दिए गए निर्देशों का पालन कर लिया गया है । स्कूल में अभी दाखिला का दौर चल रहा है गणेश पुस्तक के भेजी जा रही हैं। आंशिक रूप से मरम्मत व निर्माण कार्य को छोड़कर लगभग सभी तैयारी पूरी हो चुकी है।

---

उस समय में जिले में पदस्थ नहीं था। यदि इस प्रकार की बातें हैं तो हम एसडीओ और कर्मचारी भेज कर इसको दिखवाते हैं

**कार्यपालन अभियंता लोक सेवा यांत्रिकी विभाग जिला बलौदा बाजार भाटापारा**

# अघोषित बिजली कटौती व लो-वोल्टेज से लोगों का हाल बेहाल...

## युवा कांग्रेस 15 दिनों का दिया अल्टीमेटम, उग्र आंदोलन की चेतावनी

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** बोड़ला क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बिजली की अघोषित कटौती, किसानों को सही समय में विद्युत, पंप हेतु स्थाई कनेक्शन, स्थाई लाइन मेन, ग्रामवार निरीक्षण कर खंबा, तार, लंबा स्पंज को ठीक करने सहित अनेक बिंदु को लेकर युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को विद्युत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और 15 दिनों में समस्या दूर नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मीकि वर्मा ने बताया कि बिजली की अघोषित कटौती ने लोगों को परेशान कर दिया है। हालात यह कि बिजली कब गुल हो जाए इसका कोई भरोसा नहीं रहता। बिजली की बार-बार कटौती के कारण किसान, दुकानदार, गृहणियों से लेकर उपभोक्ता बेहद परेशान हैं। रोजाना शहर और गांव में हो रही बिजली कटौती की विभाग द्वारा पूर्व में कोई सूचना भी नहीं दी जाती है। ऐसे में आम जनों को पेय जल से लेकर जरूरी कामों के लिए घंटो बिजली का इंतजार करना पड़ता है।

गौरतलब रहे कि बारिश पूर्व मेंटेनेंस पूर्ण होने के बाद भी रोजाना अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। जब से बारिश शुरू हुई है। तब से गांवों में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। हालात यह है कि दिन और रात बिजली की बेतहाशा कटौती की जाती है। जबकि गर्मी के दिनों में भी विभाग द्वारा कभी मेंटनेस तो कभी ओवर लोड शैडिंग के नाम पर बिजली बंद कर लोगों



को अनावश्यक परेशान किया गया है।

### मेंटेनेंस पर लाखों खर्च फिर भी बिजली कटौती जारी - अश्वनी वर्मा

बिजली कंपनी द्वारा प्रति वर्ष बारिश पूर्व प्री मेंटनेंस का कार्य किया जाता है। उसके बाद भी बरसात के शुरूआती दिनों से ही घंटों तक बिजली कटौती की जाती है। लाखों रूपए खर्च भी किए जाते है। ताकि बारिश में भी बिजली सप्लाई में परेशानी न आए और लोगों को बिजली सप्लाई मिलती रहे। इसके बाद भी बार बार बिजली गुल हो रही है। इस कटौती के कारण वैकल्पिक साधन भी चार्ज नहीं हो पाते है। इससे अंधेरे में रहना पड़ रहा है।

### पेयजल की परेशानी बढ़ी, उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

कभी भी अघोषित बिजली कटौती के कारण पेय जल की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो रही है। शहर और गांव में बिजली कटौती के कारण जल सप्लाई का शेड्यूल भी प्रभावित हो रहा है। बिजली कटौती की वजह से टाइम पर पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। कई लोगों के घरों में निजी ट्यूबल है और वे निजी ट्यूबल से ही पानी की आपूर्ति करते हैं। लेकिन बार-बार बिजली कटौती के कारण समय पर पानी नहीं मिल पाता। बिजली विभाग को किसानों के धान रोपण का महत्वपूर्ण कार्य प्रारंभ हो रहा है। धान के पकने तक अघोषित बिजली कटौती बंद करना चाहिए। युवक कांग्रेस ने 15 दिवस के भीतर विद्युत समस्या निराकरण नहीं करने पर उग्र प्रदर्शन के साथ आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि अघोषित बिजली कटौती के कारण सभी वर्गों में रोष देखा जा रहा है। बार-बार बिजली कटौती के कारण छात्र, महिला, बच्चे सहित अन्य कामों में भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कटौती की वजह से आटा चक्की, इलेक्ट्रॉनिक शॉप सहित अन्य दुकानदार परेशान है। वहीं बिजली नहीं होने के कारण घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं,सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों व उनके माता-पिता को उठाना उठाना पड़ रहा है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित युवा कांग्रेस बोडला ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा, धनराज वर्मा, अजय वर्मा, जलेश बघेल, गजेंद्र वर्मा, कमल वर्मा, गोलू वर्मा, प्रदीप वर्मा, पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, मिथुन कश्यप, रामु लांझी, हेमंत वर्मा, रामनारायण वर्मा, अमित चंद्रवंशी, गुरुचरण साहू, भुनेश्वर सिन्हा, लक्ष्मण चंद्रवंशी, परमानंद वर्मा सहित युवा कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### उधानिकी कृषकों को बसना पठियापाली नर्सरी में प्रशिक्षण दिया गया- डॉ. ओवेश चंद्राकर



**बसना (समय दर्शन)।** बसना विकासखण्ड अंतर्गत उद्यानिकी कृषकों को उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार उपेन्द्र नाग ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी उद्यान विभाग द् ?वारा ग्राम पठियापाली बसना में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. ओकेश चंद्राकर सहायक प्राध्यापक सब्जी विज्ञान के द्वारा पौध शाला प्रबंधन हल्दी, अदरक की खेली प्रसस्करण तथा जाम फलो ग्राफ्टींग बडिंग के विधियो के बारे में बताया गया तथा फसल कटाई के बाद उत्पाद का मूल्य बढ़ाने के लिये विभिन्न प्रकार के विधियों के बारे में बताया गया । उद्यानिकी क्षेत्र में अधिक आय अर्जित करने के नतकनीक कै साथ वैज्ञानिक कृषि को बढावा देने विभाग द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान पठियापाली के उपसरपंच त्रिलोचन भोई, रेवतीरमण पटेल ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, पंचगण श्याम नाग, अभिमन्युदास की उपस्थिति रही। शुखरु विशार ,मनोज सिदार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ता ने सुना मन की बात



**सरायपाली (समय दर्शन)** नगर पालिका सरायपाली अंतर्गत तीनों शक्तिकेन्द्र के कार्यकर्ताओं एवम नगर वासियों के द्वारा भारत वर्ष के नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सिमरन पैलेस सरायपाली में सुना गया। इस के बाद एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष छत्तर सिंह नायक, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र कुमार पटेल , जनपद अध्यक्ष श्रीमती कुमारी भास्कर उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा,गुंजन अग्रवाल, बंशी चंद्रा, जेपी यादव, भूपेश सलूजा, प्रमोद सागर,खीरचंद बारी,तिलक साहू,सुधीर सामंतराय , डॉ आशीष दास,राजा बग्गा, अख्तर,किरण बेहरा, विदित धनानिया,बाबा सेन, सिमरान माखीजा , मनोज आदित्य , मुकेश आदित्य, मनोहर सराफ नकुल चौहान,राकेश महापात्र, देवराज चौहान, घासी चौहान, डमरू चौहान आदि भाजपा कार्यकर्ता एवम नगरवासी शामिल रहे।

### शक्ति केंद्र बनीगिरोला मन कीबात को सुने



**सरायपाली (समय दर्शन)।** सरायपाली विधान सभा के अंतर्गत शक्तिकेन्द्र बानीगिरोला में भारत वर्ष के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुने और एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम हुआ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यवाहक जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अनन्त पटेल कार्यक्रम प्रभारी मण्डल महामंत्री सरायपाली प्रमोद कुमार सागर सरपंच ग्राम पंचायत बानीगिरोला लक्ष्मी प्रसाद पटेल ,गजेंद्र ठाकुर,अजित पटेल ,दिलीप सुदर्शन साहू जी सहित भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्तागण एवं ग्राम बानीगिरोला के ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### जिला व्यय अनुवीक्षण समिति की बैठक संपन्न

**दुर्ग/** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 30 जून 2024 को कलेक्ट्रेट दुर्ग के सभागार में व्यय प्रेक्षक श्री प्रसन्न पत्तनसेट्टी (आईआरएस) और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की उपस्थिति में लेखा समायोजन के संबंध में जिला व्यय अनुवीक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में उपस्थित अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा व्यय लेखा में न्यूनोक्ति राशि के संबंध में किसी भी प्रकार से असहमति न होना बताया गया।

# नगर पंचायत में किया जाएगा पौधरोपण, एसडीएम, सीएमओ ने किया स्थल निरीक्षण

### सड़क किनारे लगाए जाएंगे पौधे



**पाटन (समय दर्शन)।** नगर पंचायत पाटन के द्वारा इस बार 400 से अधिक पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए आज एसडीएम पाटन दीपक कुमार निकुंज एवं नगर पंचायत के सीएमओ सौरभ बाजपेई ने विभिन्न स्थानों जाकर स्थल निरीक्षण किया। एसडीएम ने निर्देश दिए की सड़कों के किनारे खाली जमीन पर बड़े वाले पौधे लगाए जाए जिससे कि सड़क के आसपास सुंदर है एवं हरियाली भी बनी रहे।

नगर पंचायत पाटन में इस वर्ष पौधरोपण के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। बारिश शुरू हुआ है तब से नगर में पौधरोपण के लिए जगह का निरीक्षण किया जा रहा है। इसके बाद अब तत्काल पौधरापन की शुरूआत किया जाएगा। बता दें कि पिछले दिनों कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम पाटन दीपक कुमार निकुंज ने नगर पंचायत परिसर में जनप्रतिनिधियों व्यापारियों सहित कर्मचारियों की बैठक लेकर नगर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा बनाने के लिए अपील किया था। वहीं पर्यावरण बचाने के लिए लगातार पौधरोपण कभी कार्य किया जाएगा । एसडीएम दीपक कुमार निकुंज ने बताया कि नगर के विभिन्न स्थानों पर जहां रिक्त पड़ी शासकीय जमीन हो वहां पर पौधों पर किया जा सकता है। इसके अलावा नगर कई ऐसे सड़क है इसके आसपास भी जगह बचे हुए हैं वहां पर भी पौधरोपण किया जाए। सड़कों के किनारे पौधे उत्पन्न करने से नगर के सुंदरता बढ़ जाएगी। वहीं पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा इसी कड़ी में एसडीएम एवं नगर पंचायत पाटन के सीएमओ ने आज विभिन्न जगहों का निरीक्षण कर पौध रोपण पर करने के लिए स्थल की जानकारी भी ली।। इसके अलावा नगर के चारों तरफ हरे-भरे पौधे लगे इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है । उन्होंने पौधारोपण के साथ-साथ पौधे की सुरक्षा के उपाय पर भी दिशा निर्देश दिए हैं। साथ ही साथ व्यापारियों को भी अपने व्यापारिक क्षेत्र के आसपास जहां पर्याप्त जगह मिले वहा पर पौधरोपण कर पर्यावरण को सहने का निर्देश दिए हैं।

# विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ महतारी पारंपरिक गीत का किया विमोचन



**बसना (समय दर्शन)।** बसना स्मार्ट सिटी में यामिनी स्टुडियो के द्वारा निर्मित छत्तीसगढ़ की महिमा के गुणगान पर आधारित छत्तीसगढ़ महतारी पारंपरिक गीत के विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की पुजन वंदन कर छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत का विमोचन किये तथा सभी प्रतिभावान कलाकारों को शुभकामनाएँ और छत्तीसगढ़ के कला, संगीत और लोकगीत की धरोहर को प्रवाहमान रखने वाले यामिनी स्टूडियो का अभिनंदन किया। इस गीत में मुख्य स्वर दीपक कुमार साहू और महक रात्रे की है। गीत का निर्माण कमलेश कुमार साहू ने किया वहीं गीतकार रोहितानंद सागर के इस गीत को राजा मानिकपुरी (आराधना स्टुडियो दामाखेड़ा) ने अपनी मधुर म्यूजिक से सजाया है। सतीश साहू के कोरियोग्राफी में लिटिल स्टार अरेकेल एवं सोनपुर डांस ग्रुप ने बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया। साथ ही तमकेश्वर देव के जबरदस्त एडिटिंग और फोटोग्राफी ने चार चांद लगा दिया तथा अन्य साथियों और कलाकारों ने भी बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया है जिसका अतिथियों ने खूब सराहना की।

कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल, मण्डल अध्यक्षगण अनिल अग्रवाल, माधव साव, हरप्रसाद पटेल, कृष्ण कुमार साहू, नरेश सिंघल, विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा,मोहित पटेल,उप सरपंच त्रिलोचन भोई, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय भोई, भठोरी सरपंच ब्रजेश यादव, कामेश बंजारा सहित कलाकारों की टीम मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट्स वेलफेयर यूनियन बसना की मासिक बैठक मे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**बसना (समय दर्शन)।** छतीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन की मासिक बैठक दिनांक 30.06.2024 को बसना अम्बेडकर चौक स्थित बनारसी काम्प्लेक्स में आयोजिय की गयी। यूनियन के जिलाध्यक्ष बलराज नायडू के मार्ग दर्शन में आयोजित बैठक मे विभिन्न रचनात्मक मुद्दे पर चर्चा परिचर्चा किया गया । बैठक में नए साथियों को यूनियन का आईडी कार्ड प्रदान किया गया,एवं जिलाध्यक्ष बलराज नायडू ने नये सदस्य के रूप मे दीपक कुमार जगत का पुष्प हार से स्वागत कर मिष्ठान्न खिलाकर यूनियन में शामिल किया गया । बैठक में यूनियन के सदस्यों द्वारा बरसात में वृक्षारोपण करने पर सहमति बनी, जिसमे नायडू द्वारा कहा गया कि, कम से कम अपने अपने माता- पिता के नाम पर एक-एक वृक्ष जरूर लगाएं और वृक्षरोपण के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।

सदस्यों द्वारा नए शिक्षण सत्र 24-25 में दूरस्थ शासकीय प्राथमिक शालाओ के जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरण करने संबंधी निर्णय लिया गया । चर्चा में जिलाध्यक्ष महोदय द्वारा अपने आस पास के समस्त सामाजिक समस्याओं को उजागर करने एवं अपने आस पास हो रहे भ्रष्टाचार की तरफ शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने कहा । आने वाले दिनों में यूनियन के वरिष्ठो के मार्गदर्शन में जिलास्तरीय बैठक संबंधी विचार पटल मे लाया गया । इस दौरान जिलाध्यक्ष बलराज नायडू, जिलाउपाध्यक्ष द्वय नारायण दुबे,मुजम्मिल कादरी,जिला महासचिव सुखदेव वैष्णव,ब्लॉक अध्यक्ष केशव साहू,संयुक्त सचिव अभय धृतलहरे, दुर्गाप्रसाद अग्रवाल, रूपानंद साव,केशव कुमार साव, कुलदीप दुबे,परशु कैवर्त,दीपक कुमार जगत आदि पत्रकार साथी उपस्थित थे

# थाना गीदम क्षेत्र में दो अलग अलग जगहों पर छापेमार की कार्यवाही




### एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत् 2 गिरफ्तार

**दन्तेवाड़ा (समय दर्शन)।** अपराधों की रोकथाम एवं असामजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला दन्तेवाड़ा के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं उन्नति ठाकुर एसडीओपी बारसूर के पर्यवेक्षण में गीदम पुलिस द्वारा लगातार असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मादक पदार्थ गांजा को अवैध परिवहन एवं बिक्री करने वाले 02 आरोपियो को पकड़ने में गीदम पुलिस को सफलता मिली है । दिनांक 28.06.2024 को मुखबीर की सूचना के आधार पर प्रकाश विश्वास पिता काशीनाथ विश्वास, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम नेलसनार थाना बांगापाल, जिला बीजापुर मूल निवासी एम. वी. 9 मल्कानगिरी थाना जिला मल्कानगिरी ओड़िसा 2. अशोक ठाकुर पिता प्रेम सिंह ठाकुर, उम्र 34 वर्ष निवासी समलूर कबाडी पारा थाना गीदम जिला दन्तेवाड़ा छ0ग0 को पकड़ा गया जिसके कब्जे मादक पदार्थ 7.5 किलो ग्राम गांजा, हीरो डीलक्स मोटर सायकल एवं नगदी 540/- रूपये कुल रकम 52,940/- रू0 एवं एक के पास नायलान के थैला में कुल 2.200 किग्रा मादक पदार्थ गांजा वजनी थैला सहित कीमती 15400/रू एवं आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 1000/- रू0 कुल कीमती 16400/- रू0 को जप्त किया गया है। प्रकाश विश्वास के वरूिद्ध थाना गीदम में धारा-20 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट तथा अशोक ठाकुर के विरूद्ध धारा-20 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट कायम कर न्यायालय दंतेवाड़ा पेश किया गया।

# वसूली और संदिग्ध आचरण की शियायत में दो सिपाही निलंबित

### सीएसपी स्[ ाड और स्मृति नगर चौकी में पदस्थ थे सिपाही





**दुर्ग (समय दर्शन)।** अवैध वसूली और ड्यूटी के दौरान संदिग्ध आचरण वाले दो सिपाहियों को एसपी जितेंद्र शुक्ला ने निलंबित कर दिया है। दोनों सिपाहियों के खिलाफ लंबे समय से वसूली की शिकायतें मिल रही थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए एसपी ने ये कार्रवाई की है।

एसपी जितेंद्र शुक्ला ने भिलाई नगर सीएसपी स्क्वाड में पदस्थ सिपाही रोहन दुबे और स्मृति नगर चौकी में पदस्थ सिपाही आशीष प्रसाद को निलंबित कर दिया है। इन दोनों सिपाहियों के खिलाफ काफी शिकायतें मिल रही थी। जिसमें शहर के स्पा संचालकों से रुपये लेकर वहां पर संदिग्ध गतिविधियों को बढ़ावा देने और केस में रुपये लेने जैसी शिकायतें मुख्य हैं। अपने अधिकारियों के करीबी होने का फायदा उठाकर दोनों सिपाही बेखौफ होकर संदिग्ध आचरण अपनाए हुए थे। हाल ही में दोनों सिपाहियों ने एक मामले में एक लाख रुपये ले लिए थे। जबकि वो मामला वरिष्ठ कार्यालय से कार्रवाई के लिए भेजा गया था। लेकिन, ये दोनों सिपाही उसमें कार्रवाई न करने के एवज में रुपये लेने का दबाव बना रहे थे। जिसकी वरिष्ठ कार्यालय तक शिकायत पहुंच गई। जिस पर एसपी ने मौखिक आदेश पर पहले दोनों को लाइन भेजा और शुक्रवार को निलंबन की कार्रवाई की है।

# अपने जीते हुए प्रत्याशी के खिलाफखड़ा होना शहर कांग्रेस की अदा है

## जब तक यह अदा नहीं होगी बंद नहीं मिलेगी जीत

**बिलासपुर (समय दर्शन)।** अपने ही जीते हुए उम्मीदवार के खिलाफ विरोधी बनकर खड़े होना बिलासपुर शहर कांग्रेस की ऐसी अदा है जिसने बिलासपुर विधानसभा और लोकसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी को स्थाई जीत दी। दो उदाहरण से यह पूरा इतिहास समझ आ जाता है।

हम इस पर भी चर्चा करेंगे कि बिलासपुर में कांग्रेस का कोर वोटर कितना है और इसमें बढ़ोतरी क्यों नहीं हो पाती। अविभाजित मध्यप्रदेश की बात छोड़ दें। और 2001 से 2024 तक शहर कांग्रेस के लिए खुश होने के लिए दो पल देखें। पहला महापौर का चुनाव वाणी राव ने जीता भारतीय जनता पार्टी की महिला प्रत्याशी को हराया और संकेत दिया कि अब पार्टी के दूरदिन समाप्त हुए। वाणी राव जुझारू चार्मिंग नेत्री है चुनाव जीतते ही शहर कांग्रेस के नेता उनके विरोधी हो गए। महापौर के टिकट के बाद जब उन्हें विधानसभा प्रत्याशी बनाया गया तब उन्हें भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी से ज्यादा अपनी ही पार्टी के नेताओं का विरोध सहना पड़ा। उन्हें हार मिली और उनके खाते में 56000 वोट मिले थे। इसके बाद 2018 में शैलेश पांडे ने सब अनुमान को झूठलाते हुए बिलासपुर में अमर अग्रवाल के किले को ढ़ाह दिया। सरकार भी कांग्रेस की बनी।

पहली बार जीता हुआ विधायक भारतीय जनता पार्टी में डिप्टी सीएम बन सकता है पर वहां तो कांग्रेस है। बिलासपुर विधायक को चूसने के लिए लॉलीपॉप भी नसीब नहीं हुआ। 2023 का चुनाव



शैलेश पांडे हार गए उन्हें 52000 वोट मिला। बिलासपुर में कांग्रेस के हारने वाले नेताओं में सीधा चुनाव महापौर का रामशरण यादव ने लड़ा था हर थे उन्हें 62000 वोट मिला था। इस बार लोकसभा में कांग्रेस का प्रत्याशी देवेंद्र यादव हारा उन्हें 44815 वोट मिला यह बात हम बिलासपुर विधानसभा के संदर्भ में कह रहे हैं।

इस तरह छत्तीसगढ़ बनने के बाद शहर कांग्रेस के खाते में दो बार कांग्रेस जीती और दो बार जीते हुए प्रत्याशी के खिलाफ शहर कांग्रेस के नेता 5 साल तक संघर्ष किया। चुनाव के वक्त भीतरघात, खुलाघात किया और फिर यदि समीक्षा हुई तो नाना तरीके के तर्क गढ़ कर कमेटी के सामने मीडिया के कंधे पर बंदूक रखकर स्वयं को समर्पित कांग्रेसी बताते हैं। साथ ही साथ लोकसभा के इतिहास पर भी नजर डाल लें अब तक 18 लोकसभा चुनाव हुए 9 बार भाजपा के खाते में जीत गई कांग्रेस को आठ बार जीत मिली एक बार निर्दलीय उम्मीदवार भी जीता और एक बार भारतीय लोक दल ने चुनाव जीता। 1991 से 1996 खेलन राम जांगड़े कांग्रेस के अंतिम जीते हुए सांसद हैं। बिलासपुर में कांग्रेस की दायिनी दशा का सबसे बड़ा कारण है पार्टी के नेताओं के पास कोर वोटर को सहेज कर रखने का कोई प्लान नहीं है। दूसरा फ्लोरिंग वोटर को लाने का कोई नीति नहीं है। इस बार कांग्रेस की गांधी खड़गे जोड़ी ने पीढ़ी का अंतर हटाते हुए जिस टीम भावना से चुनाव लड़ा संविधान बचाओ, जल, जंगल, जमीन इन दोनों मुद्दों को कांग्रेसी नेता अपने वोट बैंक एससी, एसटी और ग्रामीण क्षेत्र में ले जाने में कोई मेहनत करते नहीं दिखे। उनके बाद जब 29 जून को केंद्रीय नेतृत्व की ओर से फैक्ट फाइंडिंग टीम भेजी गई तो उसके सामने कई नेताओं ने अनुशासनहीनता ही दिखाई अंदर क्या कहा नहीं पता पर बाहर कमरे के सामने कह रहे थे कि हर का कारण जेल में बंद नौकरशाह से पूछो। ऐसा कहने वाले पीसीसी के पदाधिकारी हैं इनके बारे में इनका नाम जाने बगैर जब राहुल गांधी बिलासपुर में नसबंदी कांड के बाद आए थे तो इस पार्टी के बाहर का रास्ता दिखाने को कह कर गए थे।

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हराकर दूसरी बार टी-20 विश्व कप ट्रॉफी जीती, जश्न में डूबा गरियाबंद, टीम के प्रशंसकों ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाई



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** वार्ड कप जीतने की खुशी के जश्न में डूबा रहा गरियाबंद, युवाओ ने पटाखे जलाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशिया मनाते दिखे इस अवसर पर ऋषिकांत मोहरे सुमित पारख पप्पू ठाकुर अतुल गुप्ता भारत दीवान करण सोनवानी ने इंडिया इंडिया के नारों के साथ जमकर खुशियाँ मनाई।क्रिकेट प्रेमियों ने इस जीत को देश के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है और कप्तान रोहित शर्मा के साथ ही टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।टी 20 विश्व कप 2024 का फाइनल मैच भारत और साउथ अफ्रीका की टीमों के बीच बारबाडोस के ब्रिजटाउन में स्थित केन्सिंगटन ओवल में खेला गया। इस मैच में टीम इंडिया ने बाजी मारकर 11 साल से चले आ रहे आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म किया। वहीं, भारतीय टीम ने 17 साल के बाद टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता। बता दें, टीम इंडिया ने इससे पहले साल 2013 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी। तब टीम इंडिया ने चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब जीता था।

टीम इंडिया ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए। बता दें, सूखी और धीमी पिच पर पावरप्ले में 34/3 पर सिमटने के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने जोरदार वापसी की और टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। इस पारी में टीम इंडिया की ओर से सबसे ज्यादा रन विराट कोहली ने बनाए। विराट कोहली ने 59 गेंदों पर 76 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के लगाए। वहीं, अक्षर पटेल ने 31 गेंदों पर 47 रन का योगदान दिया।अक्षर पटेल ने अपनी इस पारी में 1 चौका और 4 छक्के लगाए। दूसरी ओर शिवम दुबे ने भी 16 गेंदों पर 27 रन की पारी खेली। वार्ड कप टी20 2024 का फाइनल मैच भारत और साउथ अफ्रीका की टीमों के बीच बारबाडोस के ब्रिजटाउन में स्थित केन्सिंगटन ओवल में खेला गया। इस मैच में टीम इंडिया ने बाजी मारकर 11 साल से चले आ रहे आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म किया। वहीं, भारतीय टीम ने 17 साल के बाद टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता। बता दें, टीम इंडिया ने इससे पहले साल 2013 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी। तब टीम इंडिया ने चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब जीता था।

**17 साल बाद टीम इंडिया ने जीती वर्ल्ड कप की-** ट्रॉफी,,,,,टीम इंडिया ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए। बता दें, सूखी और धीमी पिच पर पावरप्ले में 34/3 पर सिमटने के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने जोरदार वापसी की और टी20 वर्ल्ड कप के फइनल का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। इस पारी में टीम इंडिया की ओर से सबसे ज्यादा रन विराट कोहली ने बनाए। विराट कोहली ने 59 गेंदों पर 76 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के लगाए। वहीं, अक्षर पटेल ने 31 गेंदों पर 47 रन का योगदान दिया। अक्षर पटेल ने अपनी इस पारी में 1 चौका और 4 छक्के लगाए। दूसरी ओर शिवम दुबे ने भी 16 गेंदों पर 27 रन की पारी खेली।

**जसप्रीत बुमराह ने पलट दिया पूरा मैच :** इस मैच में एक समय साउथ अफ्रीकी टीम की जीत पूरी पक्की दिख रही थी, जिसके बाद जसप्रीत बुमराह ने 16वें ओवर में सिर्फ 4 रन दिए और उसके बाद 18वें ओवर में सिर्फ 2 रन देने के साथ मार्को यान्सन का विकेट भी हासिल किया, जिससे भारतीय टीम इस मुकाबले में वापसी करने में भी कामयाब हुई, साथ यहां से अफ्रीकी टीम पर दबाब भी बन गया। 19वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने 4 दिन दिए तो वहीं आखिरी ओवर में हार्दिक ने सिर्फ8 रन देने के साथ टीम इंडिया को 7 रनों से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

## खबर-खास

### सलफ जलाशय समेत विभिन्न मांगों को लेकर जल संसाधन एवं वन मंत्री केदार कश्यप से विधायक जनक ध्रुव ने की मुलाकात



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** प्रदेश के जल संसाधन एवं वन विभाग के मंत्री केदार कश्यप से बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने रायपुर स्थित उनके निवास में सौजन्य मुलाकात कर बिंद्रानवागढ़ विधानसभा हेतु महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं में सलप जलशय को पूर्ण करने, घुमरापदर टेंक मुख्य नहर एवं शाखा नहरों का रिमॉडलिंग जीर्णोद्धार एवं सीसी लाइनिंग कार्य,बरही व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार तथा नहर लाइनिंग कार्य हेतु मांग किया।साथ ही इन परियोजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की,मंत्री केदार कश्यप ने उक्त सभी मांगों पर अपनी सहमति प्रदान कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किया। उन्होंने सभी मांगों को प्राथमिकता से पूर्ण करने की बात कही है। उक्त मांगों और बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जनसुविधाओं,सिंचाई की व्यापक व्यवस्थाओं को लेकर विधायक जनक ध्रुव युद्धस्तर पर सक्रियता के साथ लगे हुए हैं ।

### अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी गिरफ्तार, 41 पौवा देशी शराब बरामद

**राजनांदगांव।** जिले की पुलिस चौकी सुरगी पुलिस ने ग्राम भरेगांव शिवनाथ नदी पुल के पास से एक आरोपी को अवैध रूप से शराब रखने तथा बेचने के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 41 पौवा देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 29 जून को सुरगी चौकी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम भरेगांव शिवनाथ नदी पुल के पास ईटा भट्ठा जाने वाले मार्ग में रामअंजोर सिंहा पिता मानसिंग सिंहा, उम्र 38 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 06 टिकरापारा ग्राम भरेगांव, पुलिस चौकी सुरगी, थाना बसंतपुर,अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है।

# जिले में प्री बीएड और प्री डीएलएड परीक्षा संपन्न

### कलेक्टर श्री अग्रवाल ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण




**गरियाबंद (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित प्री बीएड और प्री डीएलएड की परीक्षा आज जिले में शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया।कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज प्रथम पाली के परीक्षा में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर परीक्षा संचालन का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सभी परीक्षा केंद्रों में सुचारू रूप से परीक्षा संचालित किया जा रहा था। इस अवसर पर परीक्षा के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा भी मौजूद रहे। इस दौरान समन्वयक एवं शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद के प्राचार्य डॉ आर के तलवरे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में संचालित परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के बैठने की सुचारू व्यवस्था एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्था की गई थी।

उल्लेखनीय है कि जिले में दो पाली में परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रथम पाली में प्री बीएड परीक्षा के लिए 19 परीक्षा केन्द्र एवं द्वितीय पाली में प्री डीएड परीक्षा के लिए 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्रथम पाली में प्री बीएड परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 तक आयोजित की गई। इसी तरह द्वितीय पाली में प्री डीएड की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4:15 बजे तक आयोजित किया गया।

# मुख्य सचिव ने वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से केन्द्रीय परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा की

**दुर्ग।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ में संचालित केन्द्रीय परियोजनाओं में सड़क, ऊर्जा, मोबाइल टॉवर, रेल्वे और खनिज से संबंधित परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण करने के मद्देनजर परियोजनाओं से संबंधित भू-अर्जन, मुआवजा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग प्राधिकरण और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत विभिन्न सड़क परियोजनाओं के कार्यों के संबंध में कलेक्टरों से जानकारी ली एवं परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन, मुआवजा, नामांतरण, बटांकन और आवार्ड प्रकरणों सहित वन भूमि के प्रकरणों पर शीघ्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए।


**कार्यालय संभागीय**
**संयुक्त संचालक शिक्षा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**


24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता वर्ष 2024-25 हेतु दुर्ग संभाग के चयनित खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को गणवेश (टी शर्ट्स- नेकर, जुता, मोजा) प्रदाय हेतु क्रय किया जाना है, बंद लिफाफे में निविदा दिनांक 22.07.2024 को शाम 03:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है. उक्त दिनांक व समय के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा. निविदा के साथ अनुमानित क्रय मूल्य की कम से कम 3 प्रतिशत सुरक्षा निधि राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट या चालान जो संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के नाम देय होगा जमा करना अनिवार्य है. इसके अभाव में निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा.

उपरोक्त कार्यों के लिए निविदा हेतु नियम एवं शर्तें तथा सामग्री का पूर्ण विवरण की जानकारी संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग में कार्यालयीन समय में क्रीडा कक्ष में उपस्थित होकर देखी/ प्राप्त की जा सकती है, दिनांक 22.07.2024 समय दोपहर 04:00 बजे कार्यालय में क्रय समिति के समक्ष निविदा खोले जाने की तिथि होगी.

निविदा प्रारंभ तिथि - 01.07.2024
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 22.07.2024 शाम 03:00 बजे
निविदा खोलने की तिथि - 22.07.2024 दोपहर 04:00 बजे

संयुक्त संचालक
शिक्षा संभाग दुर्ग (छ.ग.)
G-242500664/1


# नगरीय निकाय की समस्याओं को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने सीएम विष्णु देव साय से की मुलाकात



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** नगरीय निकाय क्षेत्र की समस्याओं को लेकर रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने सीएम विष्णु देव साय से रायपुर हेलीपैड में मुलाकात की। इस दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी वहां मौजूद थे। सांसद की उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष मेमन ने सीएम साय को गरियाबंद जिले में चल रहे राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। जिले के प्रमुख समस्याओं से भी अवगत कराया। संक्षिप्त चर्चा में नपा अध्यक्ष मेमन ने नगर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए नगरीय क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से भी अवगत कराया। इस दौरान मेमन ने नगर के विकास के लिए विभिन्न मांगे भी रखी।उन्होंने नगर में मूलभूत विकास के लिए अधोसंरचना अंतर्गत सीसी सड़क, नाली निर्माण,पेयजल विस्तार,स्ट्रीट लाइट सहित अन्य कार्यों के लिए राशि मांगी। इस अवसर सीएम साय ने उन्हें सभी मांगे के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया।

# मोटरसाइकल में अपने पिता के साथ बीएड परीक्षा दिलाने आ रही बच्ची को बस ने ठोका

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** रविवार को सुबह रायपुर से देवभोग जाने वाली शारदा बस की ठोकर से मोटरसाइकल चालक को गंभीर चोट लगी वही मोटरसाइकल के पीछे बैठी बच्ची के चेहरे में में चोटे आई है।घटना के विषय में मोटरसाइकल चालक के साथी ने बताया कि ग्राम कौन केरा निवासी योगेश्वर सेन अपनी बच्ची को गरियाबंद में आयोजित बीएड की परीक्षा में शामिल करने अपनी मोटरसाइकल से गरियाबंद आ रहा था।उसी दौरान रायपुर से देवभोग जाने वाली मां शारदा बस क्रमांक 5143 के द्वारा सामने चल रहे मोटरसाइकल को ठोक कर भाग दिया ,इस घटना में योगेश्वर का पैर में गंभीर चोट लगी साथ ही परीक्षा दिलाने आ रही मोटरसाइकल के पीछे बैठी बच्ची के चेहरे में चोटे आई है।दोनो घायलों को जिला अस्पताल लाया गया और उपचार किया गया है।


**// आम सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अमर छाबड़ा आ. स्व. लीलाराम छाबड़ा निवासी सी 003 शिवम गोलछा पार्क महावीर नगर रायपुर पुरैना तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा भूस्वामी/विक्रेता नरसिंह यादव आ. फौजदार यादव निवासी प्रोफेसर कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम, स्वामी, कब्जा की ग्राम भोथली प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. अमलेश्वर, तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 353, 354 रकबा क्रमशः 1.3000, 1.0000 हे. कुल खसरा 02, कुल रकबा 2.3000 हे. भूमि को खरीदनें का पक्का सौदा कर लिया है तथा ब्याना रकम दिया जा चुका है।

अतः उक्त खरीदी बिक्री से किसी भी शासकीय, अर्थ शासकीय, वित्तीय निकाय, गैर शासकीय, व्यक्ति को कोई उजर आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर मय दस्तावेज के लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में मिलकर प्रस्तुत कर सकते है समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि का अपने या अन्य के नाम पर रजिस्ट्री करायेगा, रजिस्ट्री बैनामा करा लेने के पश्चात किसी भी प्रकार का उजर आपत्ति अमान्य होगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जानें।

दिनांक 29.06.2024

भवदीय
मिथलेश शुक्ला
(अधिवक्ता)
व्यवहार न्यायालय, पाटन
मो.98274-99335

**न्यायालय तहसीलदार पाटन**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ: जिला दुर्ग तहसील-पाटन प.ह.न.-00036 तरीघाट ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202324430311500007**

**// ईश्तहार //**

तहसील पाटन के प.ह.न. 00036 के अंतर्गत ग्राम तरीघाट के वर्तमान भूमिस्वामी गैदूराम पिता/पति-श्रीराम पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 701/1(0.6000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता कुंभकरण साहू पिता/पति-पिता गैंदूराम साहू पता-तरीघाट तहसील पाटन जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार पाटन पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार, पाटन
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**//न्यायालय तहसीलदार दुर्ग //**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भः- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.- 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी 202324430104800159**

**// ईश्तहार //**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी हीरालाल पिता/पति-जयलाल, पता-रिसाली. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1247/1(0.0200) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता ढाल सिंह, बुधराम साहू, बुधेराम साई पिता/पति-स्व. हीरालाल पता-रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग, सकून बाई, मुन्नी बाई पिता/पति-स्व. हीरालाल पता-रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग, सुखियाबाई पिता/पति-स्व. हीरालाल पता-रिसाली तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

**// न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.//**
**रा.प्र.क्रमांक 202406100900149 अ-6-अ वर्ष 2023-24**

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सोनपुर प.ह.नं. 36 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक डेरहा राम पिता दयालू निवासी ग्राम सोनपुर तहसील पाटन द्वारा ग्राम सोनपुर प.ह.नं. 36 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने पिता दयालू पिता प्यारी वगैरह के नाम घर मिसल वर्ष 1986-87 में खसरा नंबर 487 रकबा 0.17 हे. भूमि दर्ज था वर्तमान आनलाइन कम्प्यूटर रिकार्ड में कॉलम नंबर 8 में त्रुटिवश वश शासकीय भूमि दर्ज होने से नीजि भूमि दर्ज किये जाने आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक डेरहा राम पिता दयालू निवासी ग्राम सोनपुर तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 12.07.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.06.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र. 202406109001394/ब/121 वर्ष 2023-24**

**// ईश्तहार //**

एदत द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक ओमेन्द्र पटले पिता श्री सेवाराम पटले निवासी विजय चौक दंतेश्वरी मंदिर चंगोराभाठा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन स्थित भूमि खसरा नंबर 349/14 का टु. रकबा 1250 वर्गफीट को पंजीकृत बैनामा से क्रय आधार पर प्रमाणीकरण पश्चात खसरा नंबर 349/25 रकबा 0.010 हे. आवेदक के नाम पर दर्ज होना किन्तु मूल ऋण पुस्तिका प्राप्त नहीं होने से ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक ओमेन्द्र पटले पिता श्री सेवाराम पटले निवासी विजय चौक दतेश्वरी मंदिर चंगोराभाठा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को मूल ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 05.07.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईशहार मेरे इस्ताक्षकर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.06.2024 को जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार, पाटन
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
**राजस्व प्रकरण ब/121 वर्ष 2024**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक नारायण पटेल पिता स्व. रामानंद पटेल निवासी खपरी तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे माता स्व. राही बाई पति स्व. रामानंद का मृत्यु दिनांक 21.04.2017 को ग्राम खपरी प.ह.न. 46 तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः नारायण पटेल पिता स्व. रामानंद पटेल निवासी खपरी तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15/07/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/06/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की गुहर के साथ जारी।

जारी दिनांक 28/06/2024
सुनवाई दिनांक 15/07/2024

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in
**(प्रथम आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 155339/ निविदा सूचना क्र. 07/ वलेलि/ 2024-25, दुर्ग दिनांक 28.06.2024**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 19.07.2024, 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :** दुर्ग जिले के विकासखण्ड दुर्ग की सिंचाई कॉलोनी सिविल लाईन कसारीडीह दुर्ग में आवासीय भवन एफ-टाईप 04 नग जीर्णोद्धार एवं नव निर्माण कार्य ।

**अनुमानित लागत : रूपये 288.52 लाख।**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर **दिनांक 05.07.2024 समय 17.31 बजे** से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग
कृते- मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.
G-242500694/2


स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26



दाई-दीदी बर
अब हर महीना
खुशहाली लावत हे
महतारी वंदन योजना
विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़
₹ 12,000 सालाना
1 जुलाई 2024
पांचवी किस्त
की राशि जारी
मुख्यमंत्री
श्री विष्णु देव साय से
जुड़ने के लिए
QR SCAN करें
हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क